


दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924


# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -11 जबलपुर, शनिवार 08 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## महाकाल दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की मिनी बस ट्रक से टकराई, 6 की मौत, 16 घायल



इंदौर.(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू तहसील के मानपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए. हादसा उस समय हुआ जब एक मोटरसाइकिल, एक मिनीबस और एक ट्रेलर ट्रक की आपस में टक्कर हो गई.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (इंदौर ग्रामीण) रूपेश द्विवेदी ने बताया कि इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो पुरुषों और मिनीबस में सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों ने सरकारी महाराजा यशवंतराव अस्पताल में दम तोड़ दिया. हादसे में घायल हुए 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है.

पुलिस के अनुसार, मिनीबस में सवार यात्री उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन करने के बाद कर्नाटक के बेलगाम लौट रहे थे. इसी दौरान मानपुर क्षेत्र में मिनीबस एक ढलान पर ट्रेलर ट्रक से टकरा गई, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ. हादसे के बाद वहां चीख पुकार मच गई. उधर से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में घटना के बारे में तत्काल सूचना दी.

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया. घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है. मृत यात्रियों के शव कब्जे में लेकर उनकी पहचान कराई गई. उसके बाद पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया.

इस हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है. मृतकों के परिजनों को जब इस दुखद घटना की जानकारी मिली तो उनमें कोहराम मच गया. प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं.एमपी में बड़ा हादसा, महाकाल दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की मिनीबस ट्रक से टकराई, 6 की मौत, 16 घायल (एमपी बैनर, इंदौर बैनर, फ्रंट हेडलाइन)

इंदौर. मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू तहसील के मानपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए. हादसा उस समय हुआ जब एक मोटरसाइकिल, एक मिनीबस और एक ट्रेलर ट्रक की आपस में टक्कर हो गई.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (इंदौर ग्रामीण) रूपेश द्विवेदी ने बताया कि इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो पुरुषों और मिनीबस में सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों ने सरकारी महाराजा यशवंतराव अस्पताल में दम तोड़ दिया. हादसे में घायल हुए 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है.

पुलिस के अनुसार, मिनीबस में सवार यात्री उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन करने के बाद कर्नाटक के बेलगाम लौट रहे थे. इसी दौरान मानपुर क्षेत्र में मिनीबस एक ढलान पर ट्रेलर ट्रक से टकरा गई, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ. हादसे के बाद वहां चीख पुकार मच गई. उधर से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में घटना के बारे में तत्काल सूचना दी.

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया. घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है. मृत यात्रियों के शव कब्जे में लेकर उनकी पहचान कराई गई. उसके बाद पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया.

इस हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है. मृतकों के परिजनों को जब इस दुखद घटना की जानकारी मिली तो उनमें कोहराम मच गया. प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं.



## महाकुंभ में फिर हादसा इस्कॉन के शिविर फैली आग, 20-22 टेंट जलकर हुए स्वाहा

प्रयागराज. (आरएनएस)। महाकुंभ में एक बार फिर आग लगी है. सेक्टर 18 के शंकराचार्य मार्ग पर आग लगने की सूचना पर कई दमकल की गाडियां मौके पर पहुंची हैं. आग बुझाने की कोशिश की जा रही है. आग का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा है. धुएं का गुबार देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आग कितनी भीषण लगी थी. बताया जा रहा है कि 20 से 22 टेंट जलाकर रख हो गए हैं. हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया. अभी तक स्पष्ट नहीं है कि आग कैसे लगी. पुलिस ने पुष्टि की है कि आग बुझा दी गई है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है.महाकुंभ कुंभ मेले के सेक्टर 18 शंकराचार्य मार्ग पर आग लग गई। दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है और आग बुझाने का काम किया जा रहा है। मौके से अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। खाक चौक पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर योगेश चतुर्वेदी ने कहा कि पुरानी जीटी रोड पर तुलसी चौराहे के पास एक शिविर में आग लग गई। हालांकि, अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काफी हद तक काबू पा लिया है। उन्होंने कहा कि अभियान की निगरानी के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10.45 बजे सेक्टर 18 के एक पंडाल के टेंट में धुआं देखा गया,

## दिल्ली के सियासी दंगल के किसकी होगी जीत ? आज वोटों की गिनती, आप और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर



नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजे शनिवार 8 फरवरी को आएंगे। वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए 5 फरवरी को एक ही चरण में मतदान हुआ था। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच मुख्य मुकाबला है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी वे भी दिल्ली पूरी मेहनत की है। भाजपा नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने बुराड़ी और देवली सीट इन दोनों पार्टियों के लिए छोड़ दी है। भारतीय चुनाव आयोग (श्वष्टढ्ढ) के वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक, दिल्ली में 60.54 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया है कि उनकी पार्टी करीब 50 सीटें जीतेगी। वहीं, आप ने एग्जिट पोल के अनुमानों को खारिज करते हुए कहा कि वह फिर से सरकार बनाएगी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) एलिस वाज ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों और प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित सहायक कर्मचारियों सहित कुल 5,000 कर्मियों को शनिवार को मतगणना के लिए तैनात किया जाएगा। मतदाता सूची के अनुसार दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या 1,55,37,634 है, जिसमें 12,776 सेवा मतदाता शामिल हैं। बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, त्रिलोकपुरी, अंबेडकर नगर, कोंडली, सीमापुरी और गोकलपुर सहित 12 निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं,

## धार जिले में कुएं में गिरी तेज रफ्तार बाइक, उस पर सवार 4 लोगों की मौत

धार। धार जिले में छोटी उमरबन के पास एक तेज रफ्तार बाइक कुएं में जा गिरी, हादसे में उस पर सवार 4 लोगों की मौत होग गई। ये सभी मुंडला के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक सभी एक बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक कुएं के अंदर जा गिरी और चारों की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक चारों छोटी उमरबन में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। मनावर पुलिस घटना की जांच कर रही है। इस खबर को लगातार अपडेट किया जा रहा है। हम अपने सभी पाठकों को पल-पल की खबरों से अपडेट करते हैं।

## आरबीआई का बड़ा ऐलान, लोन सस्ता होगा, ईएमआई भी घटेगी, 5 साल बाद घटाई ब्याज दर




नई दिल्ली.(आरएनएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) (आरबीआई) गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को रेपो रेट में 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कमी करने का ऐलान किया. रेपो रेट में कमी आ सीधा असर लोन की ब्याज दरों पर होता है और होम लोन से लेकर कार लोन तक सस्ते होते हैं.

आरबीआई द्वारा बीते पांच वर्षों में पहली बार रेपो रेट को घटाया गया है. इससे पहले मई 2020 में रेपो रेट को घटाकर 4 प्रतिशत किया गया है. रेपो रेट की समीक्षा के लिए 5 फरवरी से लेकर 7 फरवरी तक आरबीआई एमपीसी की बैठक हुई थी, जिसके निर्णय का ऐलान आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा द्वारा किया गया.

मल्होत्रा ने कहा कि एमपीसी के फैसलों का देश के सभी नागरिकों पर असर होगा. यह बिजनेस, अर्थशास्त्री और सभी पार्टी के लिए जरूरी है. साथ ही बताया कि महंगाई लक्ष्य के अनुरूप बनी हुई है और इसमें कमी आ सकती है. रेपो रेपो में 0.25 प्रतिशत की कमी के बाद यह 6.25 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि पहले 6.50 प्रतिशत थी.

आरबीआई की ओर से बताया गया कि वित्त वर्ष 25 में खुदरा महंगाई दर 4.8 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है, जो कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रह सकती है. सामान्य मानसून के कारण खुदरा महंगाई वित्त वर्ष 26 में 4.2 प्रतिशत पर रह सकती है. अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में महंगाई 4.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रह सकती है. आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वित्त वर्ष 25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत पर रह सकती है. वहीं, वित्त वर्ष 26 में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत रह सकती है. अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.7 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.5 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.5 प्रतिशत रह सकती है.

## महिला सशक्तिकरण सैद्धांतिक नहीं, कार्य रूप में परिणित करने का विषय -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज विश्व के कई देशों के लिए महिला सशक्तिकरण चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन भारत देश के संदर्भ में महिला सशक्तिकरण प्राचीन काल से आराधना का विषय भी रहा है। हमारे भारतीय समाज में महिलाओं के लिए आदर कोई सैद्धांतिक विषय नहीं है, महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के लिए एक तिहाई जनप्रतिनिधित्व पर जोर दिया है। मध्यप्रदेश सरकार भी शासकीय सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर रही है। प्रदेश में नए-नए उद्योग आ रहे हैं, इनमें भी महिलाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिल रहा है। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्य करने वाली बहनों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बालिकाओं को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। सत्य साईं महिला महाविद्यालय जैसे उच्च शिक्षण संस्थान बधाई के पात्र हैं, जो नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन कॉउंसिल (नैक) द्वारा ए प्लस ग्रेड प्राप्त है। इस महाविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होना एक विशेष उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को सत्य साईं महाविद्यालय, भेल भोपाल के स्वर्ण जयंती महोत्सव और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाविद्यालय में ऑडिटोरियम निर्माण और आइ.टी. और ए.आइ रिसर्च लैब के लिए राज्य शासन द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनों और बेटियों के बिना संसार सूना है। महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है।

## हमारे 16 उम्मीदवारों को आया फोन, आप छोड़ने पर मंत्री पद और करोड़ों का लालच-केजरीवाल



नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया कि उनके 16 उम्मीदवारों को अन्य पार्टी में शामिल होने के लिए फोन आया है और प्रत्येक को 15-15 करोड़ रुपये देने का ऑफर दिया गया. अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि एक पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रही हैं. पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि आप छोड़ के उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे. अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है? उन्होंने आगे कहा, जाहिर तौर पे ये फर्जी सर्वे करवाए ही इसलिए गए हैं, ताकि ये माहौल बनाकर कुछ उम्मीदवारों को तोड़ा जा सके. हमारा एक भी आदमी नहीं टूटेगा. आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मुकेश अहलावत ने एक्स पर एक पोस्ट कहा, मैं मर जाऊंगा, कट जाऊंगा, लेकिन कभी अरविंद केजरीवाल का साथ नहीं छोडूंगा. उन्होंने अपनी पोस्ट में एक मोबाइल नंबर भी लिखा और कहा कि मुझे इस नंबर से फोन आया. उसने बोला कि उनकी सरकार बन रही है, मंत्री बना देंगे और 15 करोड़ रुपये भी देंगे. आप छोड़ के आ जाओ. मैं इनको कहना चाहता हूं कि केजरीवाल ने और आप पार्टी ने मुझे इज्जत दी है,

**शिंदे गुट ने किया बड़ा दावा**

## महाराष्ट्र में फिर सियासी भूचाल के संकेत, उद्धव खेमे के 6 सांसद बदलेंगे पाला

महाराष्ट्र (आरएनएस)। महाराष्ट्र में एक बार फिर बड़ा सियासी भूचाल शुरू हो गया है। शिवसेना यूबीटी के छह सांसद उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। इसकी चर्चा जोरों पर है। शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि पूरा यूबीटी खत्म होने वाला है। महाराष्ट्र में यूबीटी के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व पार्षद, पदाधिकारी सभी पार्टी छोड़कर शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। अब संजय राउत, आदित्य ठाकरे और उद्धव ठाकरे के अलावा कोई भी उनके साथ नहीं रहने वाला है। बीजेपी सांसद योगेंदर चंदोलिया ने कहा कि असली शिव सेना एकनाथ शिंदे की, बाला साहेब ठाकरे की शिव सेना है। उनके लोगों (शिवसेना यूबीटी) को लगा होगा कि उद्धव ठाकरे ने बाला साहेब के अरमानों पर पानी फेर दिया है। धन के लालच में उसने अपने पिता के धर्म को पाप में बदल दिया। अंत में, उद्धव ठाकरे अकेले पड़ जाएंगे और उनकी पार्टी के सभी सदस्य असली शिवसेना में शामिल हो जाएंगे।

## वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के खिलाफ सड़क पर उतरी महिलाएं

मथुरा.(आरएनएस)। वृंदावन के मशहूर संत प्रेमानंद महाराज की रात्रि पदयात्रा को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है. आश्रम की ओर से जानकारी दी गई है कि प्रेमानंद महाराज की तबीयत और बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह यात्रा बंद की गई है. अब पदयात्रा को बंद करने का नया कारण सामने आ रहा है. दरअसल, स्थानीय लोगों ने प्रेमानंद महाराज के इस पदयात्रा का विरोध किया है, जिसकी वजह से इसको बंद करने का निर्णय लिया गया है. श्री हित राधा केलि कुंज आश्रम ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर लिखा, आप

**पदयात्रा बंद होने का यह है असल कारण**



सभी को सूचित किया जाता है कि पूज्य महाराज जी के स्वास्थ्य व बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए, पूज्य महाराज जी, जो पद यात्रा करते हुए रात्रि 02:00 बजे से श्री हित राधा केलि कुंज जाते थे, जिसमें सब दर्शन पाते थे, वो अनिश्चित काल के लिए बंद किया जाता है. दरअसल, संत प्रेमानंद महाराज का काफिला रात्रि दो बजे श्री राधा केलि कुंज के लिए चलता है. इस दौरान प्रेमानंद महाराज की एक झलक पाने के लिए हजारों श्रद्धालु इकट्ठा हो जाते हैं, जो भजन बजाकर नाचते-गाते हैं और पटाखे जलाते हैं. इस शोर से आसपास के कॉलोनी में रह-रहे लोगों की नींद में खलल पड़ता है, जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. लोगों के मुताबिक, इस शोर से घर में रह रहे बीमार, बुजुर्ग, बच्चों और सुबह काम पर जाने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है. इतना ही नहीं, मार्ग रोकने से कई बार बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में भी दिक्कत होती है. इस वजह से स्थानीय लोगों की अपील है कि इस पदयात्रा को बंद कर दिया जाए. कॉलोनी की महिलाएं संत प्रेमानंद की पदयात्रा का विरोध करने के लिए तख्ती लेकर सड़क पर उतर आईं.

## यूपी के बरेली में हादसा, मांझा कारखाने में तेज धमाका, मालिक समेत तीन की मौत, शवों के उड़े चीथड़े




बरेली. बरेली के किला थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह बड़ी घटना हो गई। बाकरगंज की तंग गली में स्थित मांझा कारखाने में तेज धमाका हुआ, जिससे कारखाना मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि पूरा इलाका दहल गया. धमाके की आवाज तीन किलोमीटर तक सुनी गई। शवों के चीथड़े उड़ गए। लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। इलाके में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि इस इलाके में आठ साल पहले भी इसी तरह की घटना हुआ था. जानकारी के मुताबिक बाकरगंज में अतीक रजा खां का मकान है। वह मकान के पिछले हिस्से में मांझा बनाने का कारखाना चला रहे थे।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी सिविल श्री नेहरू सिंह खण्डाते ने बताया कि क्राईम ब्रांच को रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नम्बर 6 के बाहर मेट्रो बस स्टाप पर एक युवक लाल जैकेट काला जींस पेंट पहने हुये किसी को अवैध मादक पदार्थ गाजा देने वाला है यदि तुरंत दबिश दी जाये तो सफ्लता मिल सकती है, सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये क्राईम ब्रांच एवं थाना सिविल लाईन की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई प्लेट फार्म नम्बर 6 के बाहर मेट्रो बस स्टाप पर मुखबिर के बताये हुलिये का युवक दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा

# महाप्रबंधक ने न्यू कटनी जंक्शन में बन रहे ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट का सघन निरीक्षण किया





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।

पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने 7 फरवरी 2025 को जबलपुर-कटनी मुड़वारा रेल खण्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखण्ड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, ओएचई लाइन, सिग्नल प्रणाली एवं समपार फाटकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त एवं समीक्षा कर निरीक्षण किया। इस रेल खण्ड पर रनिंग की गुणवत्ता को परखा एवं रेलखण्डों में पेट्रोलिंग कहाँ-कहाँ चल रही है कि विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस रेलखण्ड पर स्थित समपार फाटकों एवं ट्रैक पर कार्य करने वाले गैंगमैन/ट्रैकमैन की सुरक्षा एवं सरंक्षा के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय द्वारा न्यू कटनी जंक्शन एवं कटनी मुड़वारा एरिया में बन रहे ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट का परख इंस्पेक्शन कार से निरीक्षण प्रारंभ किया। इसी दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, प्रमुख मुख्य अभियंता, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर के साथ इरकॉन के अधिकारियों की उपस्थिति में पूरे एरिया का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने ग्रेड सेपरेटर प्रोजेक्ट की समीक्षा कर गहन निरीक्षण किया गया। इस ग्रेड सेपरेटर में चल रहे फेब्रिकेशन वर्क शॉप का भी निरीक्षण किया। साथ ही निर्माण प्रक्रिया एवं लेआउट एवं चल रहे कार्यो की प्रगति का समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने अधिकारियों को ग्रेट सेपरेटर के तहत चल रहे कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित तिथि पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।गौरतलब है कि इस कटनी ग्रेड सेपरेटर की कुल लंबाई 33.40 किमी है। जिसमें डाउन ग्रेड सेपरेटर (17.52 किमी) एवं अप ग्रेड सेपरेटर (15.85 किमी) का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस ग्रेड सेपरेटर में कुल 689 पियर्स/अब्यूटमेंट्स, 08 रेल ओवर रेल (आरओआर), 06 मेजर ब्रिज निर्माण कार्य के साथ एलिवेटेड डेक पर पॉइंट्स और क्रोसिंग का कार्य भी किया जा रहा है। साथ ही कटनी ग्रेड सेपरेटर निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए अप साइड में 1570 फाउंडेशन एवं 264 पियर्स और डॉउन साइड में 2592 फाउंडेशन एवं 425 पियर्स का निर्माण किया जा रहा है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाले मैटेरियल एवं तकनीक तथा हैवी मशीनिरी का उपयोग किया जा रहा है। यह भारत का सबसे लंबा रेलवे वायडक्ट कटनी ग्रेट सेपरेटर होगा। इस परियोजना की कुल निर्माण कार्य लागत लगभग रुपये 1800 करोड़ है। इस प्रकार कटनी ग्रेड सेपरेटर की परियोजना से रेलवे को कई फायदे होंगे।

* बीना-कटनी के रेलखण्ड में फ्रेट ट्रेन के परिचालन में वृद्धि के साथ गति प्रदान करेगा।

* कटनी से बिलासपुर और सिंगरौली के लिए अतिरिक्त रेल लाइन का सीधे संपर्क जुड़ जायेगा और कटनी, नई कटनी, कटनी मुड़वारा जैसे अतिव्यस्त क्षेत्र से रेलखण्ड का बायपास होगा। * माल यातायात में वृद्धि होने से फ्रेट ट्रेनों के समय मे बचत होगी साथ ही आवागमन में आसानी होगी। * पमरे के रेल राजस्व में भी वृद्धि होगी।

इस निरीक्षण में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम एस हाशमी, प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री आशुतोष, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर श्री कमल कुमार तलरेजा सहित मुख्यालय एवं मण्डल के अनेकों वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। पश्चिम मध्य रेल द्वारा चल रहे अधोसंरचना के निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने में हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## डाक्यूमेन्ट्री फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं विवेक तन्खा शनिवार को जबलपुर में दिखायी जाएगी फ़िल्म- देश विदेश में संस्कारधानी का नाम हुआ रोशन



तालिब हुसैन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दिल्ली/ भोपाल. जो काम किसी सी नहीं हो रहा हो..जब ऐसा लगे कि अब कि खेल खत्म हो गया है..तब एक शख्सियत ऐसी है, जो उदास चेहरों पर मुस्कान लाने और बोझ बन गयी ज़िंदगी में बहार लाने के लिए हर मुमकिन कोशिश में जुट जाती है..उस शख्सियत का नाम है- विवेक कृष्ण तन्खा. मध्यप्रदेश में सबसे कम उम्र के महाधिवक्ता रहे,देश के नामवर वकील विवेक कृष्ण तन्खा लगभग ने खुद को पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया है. दो चार साल सेवा करने वाले खुद को समाजसेवी लिखने लगता हैं, लेकिन करीब पांच दशकों से जुनून की तरह लोगों की भलाई में जुटे श्री तन्खा ने खुद को कभी समाजसेवी नहीं लिखा. पिता जस्टिस राजकृष्ण तन्खा से विरासत में मिली परम्परा को आगे बढ़ाते हुए देश भर में सेवा का हाथ बढ़ाया. जब भी जहाँ भी कोई प्राकृतिक आपदा आयी हो या फिर किसी तरह की विपत्ति विवेक तन्खा अपनी रोटरी टीम के साथ मदद के लिए मोर्चे पर नज़र आते हैं.

गुजरात का भूकम्प हो या जम्मू कश्मीर का ज़लज़ला..उत्तराखंड की बाढ़ हो या कोरोना का दिल दहलाने वाला दौर..विवेक तन्खा मसीहा बनकर आगे आए..और दिन रात मानवीय सेवा के लिए डटे रहे. जबलपुर और प्रदेश के कई शहरों में कोरोना के दौरान आक्सीजन की कमी के चलते जब हजारों लोगों की जान खतरे में पड़ गयी थी, तब आपने अपने निजी प्रयासों से पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध करायी, जिससे उदास चेहरों में रौनक लौट आयी. जबलपुर में 1997 में आए विनाशकारी भूकम्प के दौरान भी बेघर हूए लोगों के पुनर्वास हेतु आपकी दरिया दिली को हमेशा याद रखा जाएगा. स्वास्थ्य के क्षेत्र में आपकी सेवा का दायरा बहुत बड़ा है. जबलपुर, मण्डला, शहडोल, बिलासपुर, सतना सहित कई जिलों में लगे मेडिकल केम्प लाखों मरीजों के लिए राहत बने. अगले माह चंबल में आयोजित मेडिकल केम्प में भी एक लाख मरीजों को राहत पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है. जाता धर्म और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमेशा पीड़ित मानवता की सेवा करने वाले विवेक तन्खा के जीवन पर पहली बार डाक्यूमेन्ट्री फिल्म बनायी गयी है, जिसे जबलपुर में 8 फरवरी की शाम 5 बजे से नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक केन्द्र में देखा जा सकेगा. इस बात में दो राय नहीं कि राज्यसभा सांसद, भारत सरकार के पूर्व एडीशनल सालिसीटर जनरल, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रसिद्ध विधि वेत्ता विवेक तन्खा राजनीति से ज्यादा समाजसेवा में रूचि रखते हैं. उनके जीवन पर आधारित फिल्म में उनके उन सब कामों व सेवाओं को देखा जा सकेगा, जो अब तक पोशीदा रहीं हैं. ना सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि देश की राजनीति में विवेक तन्खा आज बड़ा नाम हैं. निश्चित रूप से आज नहीं तो कल वह किसी बड़े ओहदे पर जाकर जबलपुर को गौरवान्वित करेंगे.

## कांग्रेस के युवा नेता स्वर्गीय अंकित मिश्रा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। युवा अवस्था से ही जन सेवा एवं पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहे कांग्रेस के युवा नेता स्वर्गीय अंकित मिश्रा का आज जन्मदिन है। उनके मित्रों और परिजनों ने इस अवसर पर होटल अंकित सिविल लाइन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में अंकित के मित्र, उसे चाहने वाले रक्त देने पहुंच रहे हैं। अंकित मिश्रा अपने अल्प मगर बड़े जीवन काल में अपने मित्रो और पीड़ित मानवता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर तथा समर्पित रहे। अपने मित्रों का जन्मदिन मनाना जरूरतमंदों को सहायता पहुंचाना अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर लगाना उनके व्यवहार में शामिल था। आज युवाओं ने अपने नेता को रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## वन्दे भारत ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय में आंशिक संशोधन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सुचारु रेल संचालन को दृष्टिगत रखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या इंदौर-नागपुर-इंदौर वन्दे भारत एक्सप्रेस का टर्मिनेटिंग स्टेशनों सहित भोपाल एवं इटारसी स्टेशनों के आगमन/प्रस्थान के समय सारिणी में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित समय आगामी 10 फरवरी 2025 से परवशील रहेगा। वन्दे भारत ट्रेन के संशोधित समय सारणी निम्नानुसार है। गाड़ी संख्या 20911 इंदौर-नागपुर वन्दे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन इंदौर से प्रस्थान कर इटारसी में अब आगमन/प्रस्थान समय सुबह 10:45/10:50 बजे (पूर्व समय 10:35/10:40 बजे) और नागपुर में पहुँचने का अब आगमन समय दोपहर 14:35 बजे (पूर्व समय 14:30 बजे) रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20912 नागपुर-इंदौर वन्दे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर इटारसी में अब आगमन/प्रस्थान समय रात 19:00/19:05 बजे (पूर्व समय 18:55/19:00 बजे), भोपाल में अब आगमन/प्रस्थान समय रात 20:38/20:43 बजे (पूर्व समय 20:30/20:35 बजे) और इंदौर में पहुँचने का अब आगमन समय रात्रि 23:50 बजे (पूर्व समय 23:45 बजे) रहेगा। यात्रीगण कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/रेल मदद 139 से भी ट्रेन की संशोधित समय सारणी की जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

## ट्रंप सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी और जंजीर लगाना अमानवीय, शर्मनाक, निंदनीय- कांग्रेस

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेश प्रवक्ता( ओबीसी विभाग) प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम कोष्टा ने कहा कि अमेरिका सरकार ने काम धंधे की तलाश में गए भारतीय प्रवासियों को अवैध मानकर बेड़िया, जंजीर से जकड़ कर अमानवीय तरीके से उन्हें भारत भेजना शर्मनाक ही नहीं निंदनीय है।

ट्रंप सरकार का यह रवैया निंदनीय है।

कोलंबिया जैसे छोटे राष्ट्र ने अपने नागरिको के सम्मान के लिए ट्रंप सरकार को चेताया था यदि हमारे नगरिको को आपने हथकड़ी डालकर भेजा तो हम आपके सैन्य विमान को उतरने नहीं देंगे।

अबकी बार ट्रंप सरकार का नारा बुलंद करने वालों ने कोलंबिया सरकार जैसा कदम भारतीय नागरिकों के सम्मान के लिए क्यों नहीं उठाया?

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी विभाग टीकाराम कोष्टा, प्रदेश कोऑर्डिनेटर अलीम मंसूरी ,राजेश पटेल,महेन्द्र पटैल, राजू तोमर, पी पी पटेल,डॉक्टर मोइन अंसारी, अस्सू खान , पवन नामदेव, लखन श्रीवास्तव, एजाज अली ने आरोप लगाया कि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने समय रहते विरोध दर्ज क्यों नहीं कराया ?

कोष्टा ने कहा कि भारतीय प्रवासी काम धंधे की तलाश में गए थे वह उनके साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार क्यों हुआ? प्रवासी भारतीयों को खाना खाने और बाथरूम जाने के लिए भी हथकड़ियां बेड़िया नहीं खोली गई विदेश मंत्रालय चुप क्यों रहा? कोलंबिया जैसा छोटा राष्ट्र अपने नागरिकों के सम्मान के लिए वहां से लाने के लिए प्लेन भेज सकता है तो भारत ने अपने नागरिकों के लिए यह कदम क्यों नहीं उठाया ?अमेरिका गए भारतीय आतंकी नहीं है अमेरिका ने भारतीयों को इस तरह से भारत भेजा और हमारे देश की जिम्मेदार लोगों ने भारतीयों के सम्मान में उन्हें रिसीव करने नहीं जाना शर्मनाक है ।

# जेनको क्रिकेट लीग में चार्जर्स ने दूसरा मैच जीतकर दिखाई ट्राफी पर प्रबल दावेदारी

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वावधान में आयोजित जेनको क्रि?केट लीग के तीसरे दिन आज रामपुर परिसर स्थि?त पाण्डुताल मैदान में खेले गए मैचों रॉयल्स इलेवन ने ग्लेडीएटर्स को 23 रन से और चार्जर्स ने वॉरियर्स को 5 विकेट से पराजित किया। चार्जर्स व वॉरियर्स का मैच लीग का सबसे रोचक मैच रहा। चार्जर्स ने वॉरियर्स के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह मैच जीता। मैच के प्रारंभ में अतिरिक्त मुख्य अभि?यंता आशुतोष सहस्त्रबुद्धे व हर्ष गुप्ता से टीमों का परिचय करवाया गया।

विकेट बचाने के फेर में ग्लेडीएटर्स हारी-आज खेले गए पहले मैच में रॉयल्स इलेवन ने ग्लेडीएटर्स को में 23 रन से पराजित किया। यह लीग में ग्लेडीएटर्स की दूसरी पराजय थी। रॉयल्स इलेवन के कप्तान सुहेल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रॉयल्स इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाए। रॉयल्स इलेवन की ओर से कप्तान सुहेल व विक्रम बनाफर ने ठोस शुरुआत करते हुए क्रमशः 15 व 17 रन बनाए। इसके बाद सुभांशू मीना ने 28 गेंद में शानदार 42 रन बनाए। उनकी पारी में चार चौके व तीन छक्के शामिल रहे। ग्लेडीएटर्स की ओर से तपन शर्मा सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन ओवर में सिर्फ 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। सुनील पटेल ने दो विकेट लिए।

जवाबी पारी खेलने उतरी ग्लेडीएटर्स के सामने प्रति ओवर 8 रन बनाने का लक्ष्य था लेकिन विकेट बचाने के फेर में पूरी टीम धीमी



बल्लेबाजी करने के फेर में मैच ही गंवा बैठी। ग्लेडीएटर्स के कप्तान केशव धुर्वे ने धैर्यपूर्वक 11 रन बनाए। टीम के सुनील पटेल 16 व ब्रिजेश सिंह के 13 रन के अलावा अन्य बल्लेबाज कोई कमाल नहीं दिखा पाए। रॉयल्स की ओर से छह गेंदबाजों ने सधी हुई गेंद फेंकी। सुभांशू मीना ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया और उन्होंने ग्लेडीएटर्स के दो विकेट चटकाए। इस प्रकार ग्लेडीएटर्स निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 74 रन ही बना पायी और उनके हाथ से मैच निकल गया। रॉयल्स के सुभांशू मीना प्लेयर ऑफ द मैच रहे। मैच के अंपायर संदीप बर्मन व तरुण विजयकर थे।

चार्जर्स ने सिद्ध की श्रेष्ठता-दूसरे मैच में चार्जर्स ने वॉरियर्स को रोचक मुकाबले में 5 विकेट से पराजित कर दिया। इस मैच में प्रतियोगिता का सबसे बड़ा स्कोर भी बना। वॉरियर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। वॉरियर्स ने निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 118 रन बनाए। वॉरियर्स की ओर से सलामी बल्लेबाज कुशल जैन ने 193.75 स्ट्राइक रेट से 31 रन बनाए जिसमें तीन छक्के व दो चौके शामिल रहे। वॉरियर्स की ओर से के. विनय राव 17, नितीन नागवंशी 12, सत्येन्द्र सिंह 15 व कमलेश केवट 17 रन अन्य सफल बल्लेबाज रहे। अतिरिक्त रनों का योगदान 12 रहा। चार्जर्स की ओर से कप्तान विनीत त्रि?पाठी ने दो व रूपेश शाह व प्रशांत कवाडकर ने एक-एक विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी चार्जर्स ने 118 रन के लक्ष्य को अपने बल्लेबाजों की मदद से 11.2 ओवर में हासिल किया। उसके बल्लेबाज प्रशांत कवाडकर ने 29 रन की ठोस आधारशि?ला रखी। इसके बाद कमल ने 16 और कप्तान विनीत त्रिपाठी ने 17 गेंदों पर नाबाद रहते हुए 47 रन बनाए। प्रतीक शर्मा ने एक ओर से पारी को संभाले रखा। मैच के आखि?री गेंद पर छक्का लगाकर चार्जर्स ने यह मैच जीतकर संकेत दे दिया कि वह प्रतियोगिता की ट्राफी जीतने की प्रबल दावेदार है। चार्जर्स के विनीत त्रि?पाठी लगातार दूसरी बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे। मैच के अंपायर सुबोध धांडे व संजय झरबड़े रहे।

आज के मैच-8 फरवरी को रामपुर परिसर स्थि?त पाण्डुताल मैदान में सुबह 9.30 बजे से हिटर्स व वॉरियर्स और 11.30 बजे लीजेन्ड्स व रॉयल्स इलेवन के मध्य मैच खेले जाएंगे।

## राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम निरोध आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में राज्य सरकार10 फरवरी के पूर्व निश्चित रूप से प्रस्तुत करें जवाब

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। म.प्र. उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति सु?श्रुत धर्माधिकारी व न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने राष्ट्रीय सुरझा अधिनियमके अंतर्गत याचिकाकर्ता को निरुध्द किये जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका में राज्य सरकार को निश्चित रुप से 10 जुलाई के पूर्व जवाब देने निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि यह याचिका याचिकाकर्ता बैतूल जिले के विधि छात्र अन्नू उर्फ अनिकेत की ओर से वाद मित्र के रूप में उनके पिता ने प्रस्तुत की है। याचिकाकर्ता ने आरोपित किया है कि बैतूल जिले में असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ कथित मारपीट में उसके विरुध्द कार्रवाई की गई है. जबकि विवाद एक अनुसूचित जाति की छात्रा से प्रोफेसर द्वारा अशोभनीय बर्ताव के कारण बढ़ा था तथा प्रोफेसर ही फोटोग्राफ में याचिकाकर्ता के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। केवल एक समुदाय विशेष के अनुचित राजनैतिक दवाब के कारण याचिकाकर्ता के विरुध्द निरोध आदेश पारित किया गया है व इसमें संवैधानिक प्रक्रिया का हनन किया गया है जैसे जिला मजिस्ट्रेट ने राज्य सरकार के समक्ष तत्क्षण पुष्टि हेतु निरोध आदेश प्रेषित नहीं किया तथा निरोध के आधार व सामग्री केन्द्र सरकार को प्रेषित नहीं किय। । याचिकाकर्ता की ओर से सुशील कुमार तिवारी व असीम त्रिवेदी पैरवी कर रहे हैं।

## नर्मदा पुत्र विवेक कृष्ण तन्खा का सफरनामा डॉक्यूमेंट्री का प्रस्तुतीकरण



जबलपुर। मां नर्मदा के आंचल में पढ़े-बड़े और संस्कारधानी की समृद्ध विरासत को विश्व पटल पर लाने का बीड़ा उठाये, नर्मदा पुत्र विवेक कृष्ण तन्खा के जीवन के संघर्षों और प्रयासों को संजोती डॉक्यूमेंट्री, नर्मदा पुत्र विवेक कृष्ण तन्खा का सफरनामा का प्रस्तुतीकरण आज दिनांक 8 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक केंद्र घंटाघर जबलपुर में सायं 4:30 बजे से आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में डॉक्युमेंट्री निर्देशक श्री अजय चिटनिस द्वारा डॉक्यूमेंट्री (फिल्म) का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। श्री विवेक कृष्ण तन्खा जी के साथ, कार्यक्रम की आयोजन समिति, आयोजक संस्थाएं जिनमे जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, महाकौशल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, जबलपुर के समस्त रोटरी क्लब्स तथा कदम संस्था शामिल हैं, सबने जबलपुर के गणमान्य नागरिकों और अथितियों को इस भव्य आयोजन में आमंत्रित किया है। इस अवसर पर श्री विवेक कृष्ण तन्खा जी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सांस्कृतिक केंद्र के अलावा तैयब अली पेट्रोल पंप के सामने के मैदान एवं क्राइस्ट चर्च (आईसीएसई) स्कूल में भी की गई है।

### कृतियों का विमोचन आज

जबलपुर। मंथनश्री एवं पाथेय संस्था के तत्वावधान में श्री संतोष नेमा 'संतोष' की दो कृतियों 'सुमित्र संस्मरण' एवं 'अधरों पर मुस्कान'दोहावली का विमोचन 8 फरवरी को सायं 5 बजे से कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय में आयोजित है।

# मानव अधिकार आयोग ने शहर के जनहित के चार मामलों में लिया संज्ञान

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर शहर के चार जनहित के मामलों में मुख्यपीठ भोपाल में सुनवाई करते हुए, सदस्य राजीव कुमार टंडन की एकलपीठ ने मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जांच का निर्देश देकर प्रतिवेदन मांगा है।

**प्रीपेड बूथ होने के बावजूद एम्बुलेंस माफिया कर रहे किराया तय**

जबलपुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास बने प्रीपेड एम्बुलेंस सेवा केंद्र में एम्?बूलेंस उपलब्ध करवाने और किराया तय करने के लिये बनाया गया है, लेकिन इसके बावजूद एम्?बूलेंस का किराया एम्?बूलेंस वाले स्वयं ही तय कर रहे है,। प्रीपेड बूथ के द्वारा एम्बूलेंस का किराया तय नहीं करने एम्बूलेंस माफिया द्वारा मरीजों से मनमर्जी किराया वसूला जाता है, इस कारण मरीजों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आयोग ने जबलपुर के पुलिस अधीक्षक एवं डीन मेडिकल कॉलेज से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

**जीवित मरीज को मृत घोषित कर बना दिया डेथ सर्टिफिकेट**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में एक जीवित मरीज को मृत घोषित कर उसका डेथ सर्टिफिकेट बनाने का मामला सामने आया है। बीते सोमवार को इलाज के दौरान डॉक?टरों द्वारा मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। परिजन मृत मानकर जब बुजुर्ग को मर्चुरी ले जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि मरीज की सांसे चल रही है, तब परिजनों ने तुरंत बुजुर्ग को वापस अस्पताल के वार्ड में भर्ती कराया, जहां डॉक?टरों ने बताया कि मृत घोषित किया गया मरीज जीवित है। डॉक्टरों ने बुजुर्ग का इलाज वापस शुरू किया। आयोग ने जबलपुर मेडिकल कॉलेज के डीन से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है। सीनियर छात्रों ने कि जूनियर छात्र के साथ रैगिंग, स्कूल प्रबंधन दबा रहा मामला, पुलिस बेखबर सदर के एक निजी स्कूल में सीनियर छात्रों द्वारा जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग करते हुए उसके साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है। सोशल मीडिया में वायरल हुये एक वीडियों में सीनियर छात्र द्वारा जूनियर छात्र के कपड़े खींचते दिख रहे है, और उसके साथ गंभीर रूप से मारपीट भी करते नजर आ रहे है। आयोग ने जबलपुर के कलेक?टर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।

**सड़क पर खुला पड़ा चैम्बर, शासन-प्रशासन बेफिक्र**

कलेक्ट्रेट रोड स्थित पीएसएम कॉलेज के पास बनी सड़क के बीच में नाले के ऊपर बना चैंबर टूटने का मामला सामने आया है। टूटे पड़े चैंबर के कारण सड़क पर से आवाजाही करने वाले दो एवं चार पहिया वाहन चालकों के साथ दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। चैंबर खुला होने से आवागमन में भी बाधा हो रही है। इस संबंध में क्षेत्र के रहवासियों ने कई बार नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी को शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। आयोग ने नगर निगम आयुक?त से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में मांगा है।



भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने आज निवास कार्यालय पर संयुक्त माली-सैनी-मरार समाज के केलेण्डर का विमोचन किया। संयुक्त माली-सैनी-मरार समाज के अध्यक्ष श्री जी.पी. माली, उपाध्यक्ष श्री राम नाराण चौहान, महासचिव श्री राजेन्द्र कुमार अंबाडकर और श्री प्रकाश मालवीय सहित समाजजन मैजूद थे।



**मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में हुई गणतंत्र दिवस परेड-2025 में शामिल एनएसएस विद्यार्थियों का किया सम्मान**

# समाज सेवा ही राष्ट्र की सेवा है- मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र प्रेम की सीख देने की जीवंत इकाई है। इसके नाम से ही सेवा का भाव उत्पन्न होता है। यह संगठन विद्यार्थियों के गुणों का संवर्धन कर उन्हें समुदाय विकास की मूल भावना से ओत-प्रोत कर देश के विकास में सहयोग देता है। यह बेहद प्रशंसनीय है कि आज हमारे विद्यार्थी एनएसएस को एक विषय के रूप में पढ़ रहे हैं। युवा ही देश का भविष्य हैं और इनमें सेवा भावना के विकास से देश का विकास और अधिक तीव्र गति से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में गणतंत्र दिवस परेड-2025 नई दिल्ली में मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एनएसएस के समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए परेड में शामिल हुए विद्यार्थियों और उनके समन्वयकों को मैडल देकर सम्मानित किया और शुभाशीष भी दिया। इन एनएसएस विद्यार्थियों ने कर्तव्यपथ, नई दिल्ली में 26 जनवरी 2025 को हुई गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का नाम रौशन किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में समाजसेवा, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और साहचर्य की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों ने इस परेड में बेहतरीन प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को आगे भी समाजसेवा में हरसंभव सहयोग देने और राष्ट्रीय जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। युवा ऊर्जा को सही दिशा देकर हम सभी युवाओं की प्रतिभाओं को तराशकर प्रदेश के विकास में उनका सहयोग ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा देश और प्रदेश के विकास की धुरी हैं। सभी को अपना कॅरियर बनाकर आगे बढ़ना चाहिए। देश के विकास के लिए युवाओं को राजनीति में भी आना चाहिए। राजनैतिक विकास से ही देश के सामाजिक विकास को बल मिलेगा। युवा सिर्फ रोजगार के पीछे न रहें। वे रोजगार मांगने वाले नहीं, वरन् रोजगार देने वाले बनें। हमारा राष्ट्र वसुधैव कुटुम्बकम की वैश्विक भावना से दुनिया में अच्छाईयां बांटने के लिए जाना जाता है। अच्छाईयां बांटना हमारी संस्कृति है, हमारी जीवनशैली है। इसलिए युवा अपने जीवन के बाकी गुणों के विकास के साथ-साथ सेवा भावना को भी अपनाएं और जीवन में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एनएसएस द्वारा स्वच्छता, शुचिता, रक्तदान, जनजागरूकता कार्यक्रमों में सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन हमें सह अस्तित्व भाव से जीवन पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

एनएसएस से जुड़े हैं 1.60 लाख से अधिक विद्यार्थी

अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग श्री अनुपम राजन ने कहा कि एनएसएस शिक्षा द्वारा समाज सेवा और समाज सेवा द्वारा शिक्षा की मूल भावना से कार्य करने वाला राष्ट्रीय संगठन है। प्रदेश के सभी महाविद्यालयों के करीब एक लाख 60 हजार से अधिक विद्यार्थी इस संगठन से जुड़े हैं। जिन महाविद्यालयों में एनएसएस नहीं है, वहां भी एनएसएस यूनिट तैयार करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड-2025 में शामिल हुए मध्यप्रदेश के एनएसएस दल के सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी और कहा कि राष्ट्र सेवा से जुड़कर सभी विद्यार्थी एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का एनएसएस बैच लगाकर स्वागत किया तथा प्रतीक चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक और भोपाल के विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस स्वयंसेवक भी उपस्थित थे। आभार आयुक्त उच्च शिक्षा श्री निशांत वरवड़े ने माना।

मध्यप्रदेश एनएसएस दल ने दिखाया अनुशासन और सेवा भावना

मध्यप्रदेश से चयनित एनएसएस विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड में अनुशासन और समर्पण का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। मध्यप्रदेश का दल पूरे देश से चुने गए एनएसएस के विद्यार्थियों के बीच अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहा। कार्यक्रम में सम्मानित विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए और इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने पर हर्ष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एनएसएस के विद्यार्थियों के साथ समूह चित्र खिंचवाकर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध एवं पर्याप्त वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति करायें सुनिश्चित -उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल-(आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिये हैं कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध एवं पर्याप्त वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि खराब ट्रांसफार्मर को बदलें तथा फाल्ट केबल को सुधारें। उन्होंने उद्योग विहार में निर्मित विद्युत सब-स्टेशन को शीघ्र तैयार कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में पॉवर ट्रांसफार्मर बनाने की जरूरत है ताकि गर्मी के दिनों में विद्युत की समस्या न आने पाये। आरडीएसएस योजना के तहत फीडर सेपरेशन के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की। अधीक्षण यंत्री श्री बी.के. शुक्ला ने बताया कि योजना के तहत निर्माणाधीन 6 सब-स्टेशन में से 5 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष एक सब-स्टेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी स्थानीय जन-प्रतिनिधि सहित विद्युत मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकार क्यों छुपा रही है कुंभ में मृतकों की संख्या ?-जीतू पटवारी

भोपाल।(आरएनएस) ।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज जारी अपने बयान में कहा कि प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले में अव्यवस्थाओं और लचर कानून व्यवस्था के चलते सरकार की लापरवाही से मची भगदड़ से सैकड़ों लोगों की मौत और हजारों लोग घायल हुये हैं, लेकिन सरकार इस हादसे से पल्ला झाड़ने के लिए महज 30 लोगों की मौत बता रही है, सरकार सच्चाई पर पर्दा डालकर इस वीभत्स हादसे पर लीपापोती करने में लगी हुई है। जीतू पटवारी ने कुंभ मेले में मध्यप्रदेश के लोगों की हुई मौतों पर मप्र सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव की चुप्पी पर निशाना साधते हुये कहा कि सरकार मौतों का आंकड़ा क्यों छुपा रहीं है। कुंभ मेले में कितने लोग मध्यप्रदेश के मरे हैं, सरकार को इसका खुलासा करना चाहिए। पटवारी ने कहा कि जानकारी के मुताबिक प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है। प्रशासन का कहना है कि अखाड़ा मार्ग में भीड़ बढ़ने के कारण यह हादसा हुआ। इससे वहां आसपास नीचे सोए श्रद्धालुओं पर अन्य लोग चढ़ गए। उन्होंने कहा कि जब यह हादसा हुआ तक इतने बड़े आयोजन में व्यवस्थाओं के नाम पर 8 हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई, जिसमें ढाई हजार कैमरे, एआई इंटेलीजेंस और पुलिस प्रशासन का खुफिया तंत्र कहां सोया हुआ था? मौत का आंकड़ा बताने में भी सरकार को एक दिन से ज्यादा का समय लग गया।

जीतू पटवारी ने कहा कि कुंभ मेले में जहां एक ओर हेलीकाप्टर से फूल बरसाये गये, वहीं शवों को ले जाने के लिए एंबूलेंस तक उपलब्ध नहीं हो सकी। केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश और मप्र की सरकार मौतों पर पर्दा डालकर मौतों की सच्चाई को छिपा रही है। इसका प्रमाण यह है कि हाईटेक मेले में मृतकों को न तो डेट सर्टिफिकेट दिये जा रहे हैं न ही कोई सरकारी दस्तावेज। महज खानापूर्ति के लिए हाथ से लिखा हुआ कागज का टुकड़ा थमाया जा रहा है। सरकार के दावों के बीच हकीकत कुछ और है। जहां सैकड़ों लोग भगदड़ में मरे हैं वहीं हजारों लोग अभी भी लापता है। पटवारी ने कहा कि मप्र के विदिशा, ग्वालियर, नर्मदापुरम, रायसेन सहित अलग-अलग जिलों के लोग इस हादसे में शामिल हैं। इतना ही नहीं नर्मदापुरम के एक परिजन को अपने भाई का शव लाने के लिए सरकार ने कोई मदद नहीं की और उसे 40 हजार रूपये लगाकर शव को अपने घर लाना पड़ा। जीतू पटवारी ने कहा कि मप्र सरकार खुलासा करे कि कुंभ मेले में मध्यप्रदेश के कितने लोग हादसे का शिकार हुये, कितने लोग मरे और कितने अभी भी लापता है।

## सभी सेक्टर को एक साथ जोड़ने का माध्यम सहकारिता-सहकारिता मंत्री सारंग

भोपाल-(आरएनएस) सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि किसी भी देश के उन्नयन, विकास और जनता के कल्याण के लिये अर्थ-व्यवस्था की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि जहाँ व्यक्ति है, वहाँ अर्थ है और जहाँ अर्थ है वहाँ अर्थ-व्यवस्था। विकसित भारत निर्माण की परिकल्पना के लिये अर्थ-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये संकल्प के साथ प्लानिंग करनी होगी। सभी अर्थ-व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिये लक्ष्य के साथ अपने-अपने प्रकल्प पर काम कर रहे हैं। सभी सेक्टर को एक साथ जोड़ने का माध्यम सहकारिता है। मंत्री श्री सारंग गुरूवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में राज्य ऋण संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि ऋण देना और समय पर वापस लेना अर्थ-व्यवस्था का महत्वपूर्ण आयाम है। उन्होंने कहा कि एक जैसे सेक्टर के लोग लगातार संवाद करें। समन्वय और परिस्थिति को जांचते हर तीन माह में एक-दूसरे की अपेक्षाओं पर काम करने से और अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारिता का महत्वपूर्ण स्तम्भ संस्कार है। पारदर्शिता और कम्प्यूटराइजेशन के साथ अर्थ-व्यवस्था और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिये सुधार आवश्यक है। सहकारिता आन-?दोलन को मजबूत करने के लिये मध्यप्रदेश की हर पंचायत पर पैक्स स्थापित किये जायेंगे।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में सहकारी आन-?दोलन के माध्यम से नये रोजगार के अवसर सृजित कर उनके सामाजिक आर्थिक विकास के लिये काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवाचार विंग के माध्यम से नित नये आयाम के द्वार खोले जा रहे हैं। प्रदेश में समितियों का फेडरेशन बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कॉर्पोरेट कल्चर को अपना कर बौद्धिक कुशलता और रोजमर्रा की कार्यप्रणाली पर काम किया जा रहा है। अर्थ-व्यवस्था के निर्माण और विकास के लिये मध्यप्रदेश दृढ़ संकल्पित है। देश को तीसरे नंबर की इकॉनोमी वाला बनाने के लिये मध्यप्रदेश जिम्मेदारी के साथ काम कर रहा है।

मंत्री श्री सारंग ने राज्य फोकस पेपर 2025-26 पुस्तिका और सफल नवाचार की कहानियों पर आधारित नैब-पहलें का विमोचन किया। संगोष्ठी में सहकारी संस्थाओं को नाबार्ड की योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृति-पत्र वितरण और राज्य में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले हितग्राहियों का विशेष सम्मान किया गया।

संगोष्ठी को आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चन्दनवेली, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक श्री चन्द्रशेखर शर्मा और नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक सुश्री सी. सरस्वती ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर सहकारिता आयुक्त श्री मनोज पुष्प, एस.एल.बी.सी. के डीजीएम श्री प्रमोद मिश्रा उपस्थित थे। संगोष्ठी में राज्य फोकस पेपर 2025-26 पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

## देशज समारोह में बुंदेलखंड के लोकगीतों और जनजातीय नृत्यों की शानदार प्रस्तुति

खजुराहो/छतरपुर।(आरएनएस)। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित %आदिवर्त% जनजातीय लोककला और राज्य संग्रहालय, खजुराहो में आयोजित %देशज% समारोह के तहत 02 फरवरी को एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बुंदेलखंड की लोक कला और संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए लोकगीतों, जनजातीय नृत्यों और संगीत का शानदार मिश्रण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और कलाकारों के स्वागत से की गई। इसके बाद, सुश्री अजित द्विवेदी और उनके साथी,रीवा से बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति दी, जो दर्शकों को अपनी संस्कृति से जोड़ते हुए एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करती है। इसके बाद गोमती मसराम और उनके साथी जिला-अनुपपुर से नगाड़ा जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य मुख्यत: गोंड जनजातीय समुदाय द्वारा किया जाता है

## मध्यप्रदेश बनेंगे 10 लाख पीएम आवास, कैबिनेट बैठक में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को भी मिली स्वीकृति

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने 4 दिनों के जापान दौरे से लौटने के बाद कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक की. इस बैठक में सीएम ने जापान दौरे का अनुभव कैबिनेट के साथ साझा किया. इस खास कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी है. जिसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग से लेकर ड्रोन संवर्धन नीति और सेमीकंडक्टर पॉलिसी पर भी अहम फैसले लिए गए हैं. कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस बैठक की जानकारी दी. कैलाश विजयवर्गीय ने बताया, पीएम आवास योजना में प्रथम चरण में देश में बेहद सफल रहा, एमपी में 9 लाख 50 हजार आवास स्वीकृत हुए थे. जिसमें से 8 लाख 50 हजार आवास तैयार करके आवंटित किए जा चुके हैं, पीएम आवास 2.0 में एमपी में 10 लाख आवास बनेंगे. कल्याणी महिलाओं, दिव्यांग, सीनियर सिटिजन, ट्रांसजेंडर के साथ सफाईकर्मी, पीएम स्वनिधि के स्ट्रीट वेंडर, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभान्वित, निर्माण श्रमिक, मलीन बस्तियों के रहवासियों समेत अन्य को यह आवास दिए जा सकेंगे.

## क्लीन-एंड-ग्रीन एनर्जी से भरपूर रहेगा एमपी, कचरा प्रबंधन प्रणाली में होगा सुधार

भोपाल (आरएनएस)। भारत का हृदय-प्रदेश मध्यप्रदेश, प्राकृतिक सौंदर्य, बहुरंगी पारिस्थितिकी तंत्र और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासशील चिंतन के मार्गदर्शन में प्रदेश डॉ. मोहन यादव के कुशल और आत्मविश्वास से भरे नेतृत्व में विकास के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2025 में सरकार आर्थिक प्रगति और पर्यावरणीय स्थिरता के बीच संतुलन बना कर आगे बढ़ेगी। स्वच्छ और हरित मध्यप्रदेश मात्र विमर्श नहीं है, अपितु वर्तमान और भावी पीढ़ियों की महती आवश्यकता है।

स्वच्छ और हरित मध्यप्रदेश बनाए रखने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और जनभागीदारी के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। नागरिकों में प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रोडमैप तैयार कर निरन्तर आगे बढ़ रही है।

नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना

मध्यप्रदेश ने सौर और पवन ऊर्जा के उपयोग में महत्वपूर्ण प्रगति की है। रीवा में अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश को देश के अन्य राज्यों के लिए रोल-मॉडल बनाने के लक्ष्य का प्रतीक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के साथ ही पवन ऊर्जा परियोजनाओं का विस्तार करने पर भी फोकस कर रही है। नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में सरकारी के साथ ही निजी निवेश को भी बढ़ावा दिये जाने की रणनीति बना रही है। प्रदेश के आम नागरिकों को उनकी आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों के अंतर्गत घरों और व्यवसायिक संस्थानों के लिए रूफ्टॉप सोलर इंस्टॉलेशन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यहां तक कि प्रदेश के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता अर्थात किसानों को भी सिंचाई के लिए सोलर-पंप जैसी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से नागरिक तो ऊर्जा के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनेंगे ही, उनका अतिरिक्त उत्पादन ग्रिड से जुड़ कर प्रदेश को विद्युत सर-प्लस राज्यों के शीर्ष पर बनाए रखने में सहयोगी होगा।

## बिजली कंपनी के वॉट्स एप चैटबॉट से बिल डाउनलोड और भुगतान की सुविधा उपलब्ध

भोपाल (आरएनएस)। वॉट्स एप चैटबॉट से बिल डाउनलोड एवं बिल भुगतान सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उपभोक्ता मोबाइल के माध्यम से बिजली बिल डाउनलोड एवं भुगतान सहित अन्य 10 सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने बताया कि चैटबॉट नंबर 0755-2551222 पर '।।द्व' (हाय) लिखते ही 10 सुविधाओं की सूची आ जाएगी। घर का बिजली बिल भरने 2 नंबर पर 'फॉर बिल' का ऑप्शन दिखता है। मैसेज बॉक्स में 2 लिखते ही 1 नंबर 'फॉर व्यू एंड पे एलटी बिल' का ऑप्शन सहित तीन अन्य ऑप्शन भी दिखेंगें। बिल के लिए 1 नंबर लिखने पर दो ऑप्शन आएंगे। इसमें 1 नंबर पर 'टू यूज मोबाइल नंबर' और 2 नंबर पर 'फॉर इंटर कस्टूमर आईडी। इसमें आप अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के लिए जैसे ही 'टू यूज मोबाइल नंबर' के लिए 1 नंबर लिखेंगे

## आयुष मंत्री परमार की अध्यक्षता में हुई पुरस्कार चयन समिति की बैठक



भोपाल (आरएनएस) उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय में आयुष विभाग अंतर्गत पुरस्कार चयन समिति की बैठक हुई। बैठक में पंडित उद्धवदास मेहता वैद्यशास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार वर्ष-2023 के लिए पुरस्कार चयन समिति ने व्यापक विचार मंथन किया। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष-2023 के उक्त पुरस्कार के लिए नाम का चयन किया गया।

आयुष मंत्री श्री परमार ने वर्ष-2022 एवं वर्ष-2023 के पंडित उद्धवदास मेहता वैद्यशास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार, समारोहपूर्वक शीघ्र प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री परमार ने पुरस्कार वर्ष-2024 के लिए शीघ्र विज्ञापन जारी करने के निर्देश भी दिए। ज्ञातव्य है कि पूर्व बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष-2022 के उक्त पुरस्कार के लिए नाम का चयन किया जा चुका है।

बैठक में प्रमुख सचिव आयुष श्री डीपी आहूजा एवं आयुक्त आयुष श्रीमति आर उमा माहेश्वरी सहित समिति के सदस्य डॉ. एसएन पांडे (उज्जैन) एवं वैद्य श्री प्रभाकर चतुर्वेदी (रीवा) सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## लोक निर्माण मंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की हुई जांच


भोपाल-(आरएनएस) लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसके तहत हर माह की 5 और 20 तारीख़ को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में हाल ही में लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं की टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया।

प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, श्री भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। बैठक में निरीक्षण किए गए सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया। बैठक में प्रबंध



संचालक भवन विकास निगम श्री पंकज जैन, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता श्री एस.आर. बघेल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं समस्त मुख्य अभियंता उपस्थित रहे।

प्रबंध संचालक श्री यादव ने सड़क, भवन और पुल निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए अलग-अलग चेकलिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण रिपोर्ट के लिए एक मानक फॉर्मेट तय करने का सुझाव दिया, जिससे निर्माण कार्यों की कमियों और सकारात्मक बिंदुओं को स्पष्ट रूप से दर्शाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि निरीक्षण के दौरान लिए गए नमूनों की लैब रिपोर्ट आने के बाद सभी दलों को फाइनल निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। समीक्षा बैठक में सिंगपुर-धरमपुर रोड से मझपुरा रोड के निर्माण कार्य में गुणवत्ता में गंभीर कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए उपयंत्री को निलंबित करने एवं कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया। ठेकेदार मेसर्स माँ शारदा कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर पन्ना को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये गये। प्रबंध संचालक श्री यादव ने पन्ना जिले में वन स्टॉप सेंटर भवन कार्य में पाई गई कमी के आधार पर उपयंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। भोपाल जिले में भोपाल-देवास मार्ग में कि.मी. 20, 23,24 एवं 25 में कुछ स्थानो पर सरफेस में क्रेक एवं रफनेस पाई गई। मार्ग में डिवाईडर में पेंटिंग एवं साईन बोर्ड तथा शोल्डर मापदण्ड अनुसार नही पाये गये। इसके लिये ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस में सुधार कार्य करने के लिये निर्देशित किया गया। ग्वालियर जिले में सड़क कार्य पटेल का पुरा से गुरी बंजारों का पूरा मार्ग में निरीक्षण में ठेकेदार के द्वारा सी.आर.एम. एवं डब्ल्यू.एम. का कार्य मानक स्तर का नहीं किये जाने के एवं कार्य में विलंब के कारण ठेकेदार मेसर्स कामतानाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी मुरैना को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये गये। प्रबंध संचालक श्री यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



महाकुम्भ नगर। बसंत स्नान के बाद गुरुवार से फिर संस्कृति का महाकुम्भ होगा, जिसमें देश की विविध संस्कृतियों का संगम होगा। गंगा पंडाल पर चल रहे मुख्य आयोजन को लेकर संस्कृति विभाग ने एक बार फिर तैयारी पूरी कर ली है। अगले चार दिन तक देश के नामचीन कलाकारों की प्रस्तुतियों से महाकुम्भ की सांझ सजेगी। 7 को डोना गांगुली, 8 को कविता कृष्णमूर्ति, 9 को सुरेश वाडेकर, सोनल मान सिंह व 10 को हरिहरन प्रस्तुति देंगे। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा स्नान है, इसलिए 11 से 13 फरवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।



## अरबपतियों की संख्या में इजाफा

दुनिया भर में अरबपतियों की संपत्ति 2024 में दो हजार अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ कर पंद्रह अरब अमेरिकी डॉलर हो गई। 2023 की तुलना में यह तीन गुना है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से पहले ऑक्सफेम इंटरनैशनल ने %टेकर्स, नॉट-मेकर्स' शीषर्क से रिपोर्ट पेश की जिसके अनुसार 2024 में एशिया में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक अनुपयुक्त है क्योंकि इसका 60त्न अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या सांठ-गांठ वाले संबंधों से प्राप्त होती है।

ऑक्सफेम ने कहा कि दुनिया के सबसे समृद्ध लोगों की संपत्ति औसतन प्रति दिन लगभग दस करोड़ अमेरिकी डॉलर के हिसाब से बढ़ी। भारत में भी अरबपतियों की संख्या में इजाफा होते हुए उनकी कुल संख्या 185 हो चुकी है जिससे इस क्षेत्र में भारत तीसरे स्थान पर आ चुका है। अमेरिकी अरबपतियों की संख्या दिसम्बर में 835 थी जबकि चीन में 423 थी। हालांकि भारत में 185 में से 108 पब्लिकली लिस्टेड पारिवारिक बिजनेस हैं।

सरकारी आंकड़ों में गरीबी भले ही कम हो रही हो मगर विरोधाभास यही है कि गरीबी, बेरोजगारी और भरपेट खाने के अभाव में जीने वाले भी कम नहीं हैं। संयुक्त राट्र की रपट के अनुसार दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग घोर गरीबी में जीने को मजबूर हैं। मुनाफाखोरी के चलते बड़ा वर्ग संपत्ति बटोरने में इस कदर जुटा है कि उन्हें घोर गरीबी और भुखमरी में जीने वालों के प्रति तनिक रुचि नहीं रही।

# सरकार की इच्छा शक्ति का ही परिणाम है राजस्थान की माइनिंग सेक्टर में लंबी छलांग

माइनिंग सेक्टर के महत्व को रुस यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में अमेरिका की हालिया नीति के चलते आसानी से समझा जा सकता है। अमेरिका की यूक्रेन की खनिज संपदा पर नजर है और वह चाहता है कि यूक्रेन को सहयोग करने के बदले में यूक्रेन की खनिज संपदा के दोहन का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से अधिकार अमेरिका को मिल जाए। यही हालात दुनिया के दूसरे देशों की है। आज चीन की मोनोपोली से सभी देश गले तक भर आये हैं वहीं दुनिया के देश खनिज संपदा के भण्डारों की खोज व खनन के विकल्प ढूंढने लगे हैं। यही कारण है कि पिछले एक दशक में मिनरल एक्सप्लोरेशन के कार्य में तेजी आई है। हमारे देश में सतत खनन विकास पर जोर दिया जाने लगा है और 2016-17 से मेजर हो या माइनर मिनरल सभी माइंस नीलाम करना अनिवार्य कर दिया गया है। बदली परिस्थितियों में यह भी साफ हो जाना चाहिए कि सरकारों की ईच्छा शक्ति पर बहुत कुछ निर्भर करता है। इसका ताजातरीन उदाहरण राजस्थान सरकार और राजस्थान का खान एवं भूविज्ञान मंत्रालय है। देश-दुनिया में अवैध खनन गतिविधियों के लिए कुख्यात माइनिंग सेक्टर को नई पहचान देने के कारगर प्रयास राजस्थान में भजन लाल शर्मा सरकार ने कर के दिखाया है। केवल एक साल की समयावधी में ही माइनिंग सेक्टर में राजस्थान समूचे देश में लंबी छलांग लगाने लगा है। दिसंबर, 24 में सरकार ने कार्यभार संभालते ही माइनिंग सेक्टर में दो दिशाओं में तेजी से कदम बढ़ाये। पहला अवैध खनन गतिविधियों पर कारगार अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया तो दूसरी और सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि खनिज बहुल क्षेत्रों की एक्सप्लोरेशन रिपोर्ट का अध्ययन करते हुए डेलिनियेशन और प्लॉट व ब्लॉक तैयार करने के कार्य को प्राथमिकता दी जाए और विभाग इन तैयार प्लॉटों व ब्लॉकों की नीलामी का रोडमेप बनाकर पारदर्शी ऑक्शन प्रक्रिया को अमली जामा पहुंचायें। सरकार की मंशा के अनुसार विभागीय अमला भी जुट गया और नई सरकार बनने के तीन माह में ही 15 मेजर मिनरल ब्लॉकों का भारत सरकार के पोर्टल पर ई-नीलामी की गई तो एक साल से कुछ ही अधिक समय में नई सरकार बनने के बाद के जनवरी, 25 तक 15 ब्लॉकों सहित 15 जोड़ 33 ब्लॉक कुल 48 मेजर मिनरल ब्लॉकों की सफल नीलामी कर नया इतिहास रच दिया गया। राज्य सरकार की उपलब्धि को केन्द्र सरकार द्वारा भी सराहा गया और इसी 20 जनवरी, 25 को ओडिशा के कोणार्क में आयोजित नेशनल मांइस मिनिस्टर्स कॉन्फ्रेंस में वर्ष 2023-24 में देश में सर्वाधिक मेजर मिनरल ब्लॉक के ऑक्शन करने पर राजस्थान को प्रथम पुरस्कार देकर राजस्थान के प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। जिस तरह के आंकड़ें भारत सरकार के पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं उससे साफ हो जाता है कि वर्ष 2024-25 में भी राजस्थान मेजर मिनरल ब्लॉकों की ई-नीलामी में समूचे देश में शीर्ष पर रहेगा।

देश दुनिया में माइनिंग सेक्टर की जो इमेज रही है उसे देखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने खान मंत्रालय की जिम्मेदारी अपने पास रखी और कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पिछले एक साल में माइनिंग सेक्टर ने खनिज खोज से लेकर माइनर एवं मेजर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन, एमनेस्टी योजना, ड्रोन सर्वे, एकबारीय समाधान योजना, नई और प्रगतिशील खनिज नीति, एम-सेण्ड नीति, माइनिंग सेक्टर में औद्योगिक निवेश और रोजगार के विपुल अवसर सृजित करने के अवसर विकसित कर दिए हैं। 2017 में केन्द्र सरकार ने तय किया कि देश में सभी जगह माइनिंग मिनरल्स की खुले ऑक्शन के माध्यम से ही दिए जाएंगे। इससे बहुत हद तक माइनिंग मिनरल्स की बंदर बांट पर रोक लग सकी। केन्द्र सरकार ने मेजर मिनरल्स के ऑक्शन की स्वयं के स्तर पर भी मोनेटरिंग आरंभ कर व्यवस्था को पारदर्शी और खनिज प्रधान प्रमुख राज्यों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा की राह प्रशस्त की है। इसे देश के खनिज क्षेत्र का अग्रणी कदम माना जा सकता है। राजस्थान खनिजों की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश हैं। राज्य में उपलब्ध 82 प्रकार के खनिजों में से राज्य में 57 खनिजों का व्यवसायिक स्तर पर खनन किया जा रहा है, जिससे वर्तमान में लगभग 35 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार ने एक बात साफ समझी है कि बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन पर अंकुश लगाने का सबसे कारगर तरीका खनिज क्षेत्रों के ब्लॉक या प्लॉट तैयार कर इन्हें पारदर्शी से तरीके से ई पोर्टल के माध्यम से नीलाम किया जाए। इससे अवैध खनन का एक कारण पर तो रोक लग ही सकती है। क्योंकि खानधारक अपने क्षेत्र में तो दूसरे को अवैध खनन गतिविधि नहीं चलाने देगा। इससे बहुत हद तक बेशकीमती खनिजों के अवैध खनन को रोका जा सकता है। वैध खननधारक पर भी अवैध खनन गतिविधियों के लिए अब राज्य सरकार ड्रोन से एसेसमेंट अनिवार्य करने जा रही है। इसी तरह के अन्य सुधारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। ऐसे में राजस्थान ही नहीं देश के खनिज प्रधान अन्य राज्यों की सरकारों को भी एग्रेसिव कदम उठाने होंगे ताकि देश की खनिज संपदा के अवैध खनन से होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

## सभी वर्गों की बेहतरी बजट

सतीश सिंह

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी वर्गों की बेहतरी के लिए बजट में प्रावधान किया है। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ नई टैक्स रिजीम चुनने पर सालाना 12.75 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं देना होगा, लेकिन अन्य जरिये से आय अर्जित करने पर टैक्स में छूट की सीमा केवल 12 लाख रुपये रहेगी। बुजुर्ग नागरिकों के लिए टीडीएस की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। किराया आमदनी पर टीडीएस की छूट 6 लाख रुपये कर दी गई है।

मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होगी। ईवीऔर मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी। एलईडी-एलसीडी टीवी सस्ती होगी। कस्टम ड्यूटी को घटाकर 2.5 प्रतिशत कर दी गई है। एक लाख अधूरे घरों के निर्माण को पूरा किया जाएगा और 2025 में 40 हजार नये घरों को पात्र लाभार्थियों को आवंटित किया जाएगा।

हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन कार्यक्रम की अवधि को बढ़ाकर 2028 किया जाएगा। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिला उद्यमियों के लिए विशेष ऋण योजनाओं को शुरू किया जायेगा। पहली बार उद्यमी बनने वाली पात्र महिलाओं को दो करोड़ रुपये का मियादी ऋण दिया जाएगा, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके।

आमजन की भलाई के लिए 36 जीवन रक्षक दवाओं को पूरी तरह से कर मुक्त किया गया है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए देश में 200 डे-केयर कैसर सेंटर बनाए जाएंगे साथ ही साथ मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाओं की कीमत को कम किया जाएगा। किसानों के आर्थिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया है।

## अमेरिका-चीन में पुनः शुरू हुए व्यापार युद्ध का कारोबारी लाभ आखिर कैसे उठाएगा भारत?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हम भारतीयों के मनोमस्तिष्क में इसलिए हमेशा बसे रहते हैं कि उन्होंने आपदा को अवसर में बदलने का हुनर दिखलाया-सिखलाया-बतलाया है। इस हेतु राष्ट्रीय जज्बे को जिस शानदार-जानदार तरीके से उन्होंने प्रदर्शित किया-करवाया है, उसने हम सबको उनका मुरीद बना दिया है। वैश्विक महामारी कोरोना के पहले, कोविड-19 के दौरान और उसके बाद भी उन्होंने दुनियावी त्रासदी/पारस्परिक संघर्षों-संकटों को जितना सकारात्मक तरीके से लिया है, उससे भारत पुनः विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में भारत अब याचक कम, दाता ज्यादा नजर आता है। यही वजह है कि समावेशी व्यापार प्रचलन स्थापित-संचालित-नियंत्रित करने में विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ की विफलता के बाद दुनिया के देशों में मचे व्यापार युद्ध मतलब टैरिफ वॉर से उतपन्न होने वाले द्विपक्षीय कारोबारी आपदा को तीसरे पक्ष हेतु अवसर में बदलने के लिए भारत के लिए क्या संभावनाएं हैं और उसकी क्या रणनीति होनी चाहिए, इस विषय पर हम यहां चर्चा करेंगे। क्योंकि आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध भारतीय निर्यातकों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

समझा जाता है कि अमेरिका-चीन जैसे दो बड़े देशों के इस अप्रत्याशित कदम से अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, आंकड़ा जन्य अनुभव बताता है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल (2016-2020) के दौरान जब अमेरिका ने चीनी चीजों पर टैरिफ लगाया था, तो उस दौरान भारत चौथा सबसे बड़ा फायदा पाने वाला देश था। इसलिए विशेषज्ञों का कहना है चीन से आयात पर अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने से भारत को अमेरिका में निर्यात के लिए बहुत अवसर मिलेंगे। क्योंकि टैरिफ लगाए जाने से चीन से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर असर पड़ेगा।

बताया जाता है कि इससे अमेरिकी बाजार में उनके सामान की कीमतें बढ़ जाएंगी। इससे अमेरिकी खरीदार उच्च लागत से बचने के लिए वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं की तलाश करेंगे। इससे भारत को फायदा होगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 फरवरी 2025 को एक इग्जेक्युटिव आदेश पर हस्ताक्षर किए। जिसमें मेक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। वहीं, कनाडा से आने वाले सामानों पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। जबकि, कनाडा के ऊर्जा संसाधनों पर 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाने की घोषणा की गई। इस ऑर्डर में ही चीन से आयात पर भी 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात थी, जिससे चीन बौखला गया।

अलबत्ता, अमेरिका के जवाब में चीन ने भी कुछ अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगा दिया है। उसके इस जवाबी कदम के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। उधर, अमेरिकी कदम के जवाब में मेक्सिको और कनाडा ने भी अमेरिकी टैरिफ के बदले में जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे व्यापार युद्ध कई देशों के बीच पहुंच गया है।

## महाकुम्भ की दिव्य-भव्य व्यवस्था को देखकर अभिभूत हुए पाकिस्तान से आये श्रद्धालु

महाकुम्भ नगर। सनातन आस्था के महापर्व, महाकुम्भ में दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था का स्नान करने प्रयागराज आ रहे हैं। महाकुम्भ अब तक लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। सनातन आस्था का जुड़ाव इतना गहरा है कि महाकुम्भ में पवित्र संगम में स्नान करने पाकिस्तान के सनातन मतावलंबी भी प्रयागराज पहुंचे हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का जत्था प्रयागराज पहुंचा। सभी श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर अपने पूर्वजों की अस्थियों का संगम में विसर्जन किया। महाकुम्भ की व्यवस्था और सनातन आस्था के दिव्य भव्य आयोजन को देखकर सभी पाकिस्तानी श्रद्धालु अभिभूत थे। महाकुम्भ, न केवल सनातन आस्था बल्कि धर्म और आध्यात्म का विश्व में सबसे बड़ा आयोजन है। सनातन परंपरा और आस्था के महापर्व में भाग लेने दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे है। इसी क्रम में पाकिस्तान में रहने वाले 68 सनातन मतावलंबियों का ग्रुप महाकुम्भ में सम्मिलित होने संगम तट पहुंचा। ये सभी श्रद्धालु पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत के रहने वाले हैं। पाकिस्तान के श्रद्धालु अपने पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन करने विशेष वीजा लेकर प्रयागराज आये।

## कैसे रुकें सिवरेज की सफाई में होने वाली मौत?

कोलकाता शहर में सिवरेज की सफाई के दौरान तीन श्रमिकों की मौत हो गई। घटना कोलकता लेदर कंप्लेक्स में सीवरेज लाइन के साफ के दौरान हुई। सुप्रीम कोर्ट काफी पहले कह चुका है कि मरने वालों के परिवार को तीस-तीस लाख रूपया मुआवजा दिया जाए, किंतु ऐसा नहीं हो रहा। प्रदेश सरकार ने बीस-बीस लाख रूपये मुआवजा देकर ही मामला निपटा दिया। यह घटना सर्वोच्च न्यायालय के उस आदेश के चार दिन बाद हुई है, जिस आदेश में सुप्रीम कार्ट ने कहा कि कि दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, चिन्नई, बंगलूरू और हैदराबाद जैसे मैट्रोपालिटिन शहरों में मैनुअल सफाई और सीवर सफाई पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया था। दरअसल न्यायालय आदेश करता है किंतु उन आदेश के पालन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को या तो ये आदेश पंहुच नहीं पाता। आदेश पंहुच पाता है तो फाइलों के दबाव में वे उसे पढ़ नहीं पाते। इसीलिए बार-बार आदेशों के पालन में अनदेखी होती है। इन आदेशों को संबधित अधिकारियों तक पंहुचाने की प्रदेश स्तर पर त्वरित और प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए।

जुलाई 2022 में लोकसभा में प्रस्तुत सरकारी आंकड़ों के अनुसार पांच साल में सीवर सफाई के दौरान 347 लोगों की मौत हुई। पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, 1993 के बाद से सीवर और सेप्टिक टैंक से होने वाली मौतों के 1,248 मामलों में से इस साल मार्च तक 1,116 मामलों में मुआवजे का भुगतान किया गया है, हालांकि, 81 मामलों में मुआवजे का भुगतान अभी भी लंबित है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि राज्यों द्वारा 51 मामले बंद कर दिए गए हैं क्योंकि मृत व्यक्तियों के कानूनी उत्तराधिकारी नहीं मिल सके। 1993 के बाद के आंकडा से पता चलता है कि कि सीवर और सेप्टिक टैंक में होने वाली मौतों के सबसे अधिक 256 मामले तमिलनाडु में सामने आए। इसके बाद गुजरात (204), उत्तर प्रदेश (131), हरियाणा (115) और दिल्ली (112) का नंबर आता है। सीवर से होने वाली मौतों के सबसे कम मामले छत्तीसगढ़ (1) में दर्ज किए गए हैं, इसके बाद त्रिपुरा और ओडिशा में 2-2 मामले, दादर और नगर हवेली (3) और झारखंड (4) आते हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक के 58 मामलों में से सबसे ज्यादा मामले तमिलनाडु (11) से हैं, इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान (11-11 मामले), और गुजरात (8) तथा पंजाब (6) का नंबर आता है।

## जया एकादशी पर इन चीजों का करें दान, घर में बनीं रहती है सुख और समृद्धि

सनातन धर्म में एकादशी का महत्व सबसे अधिक होता है। माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी कहते हैं। इस बार जया एकादशी 8 फरवरी, दिन शनिवार को पड़ रही है। मान्यता है कि जया एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति को जीवन में जय प्राप्त होती है। जया एकादशी पर भगवान विष्णु के साथ माता लक्ष्मी की पूजा करने का भी विधान है। ऐसे में जो व्यक्ति जया एकादशी के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है और सुख-समृद्धि भी बनी रहती है। जया एकादशी के दिन कुछ चीजों को दान करना काफी शुभ माना जाता है, इससे अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। आइए आपको बताते हैं जया एकादशी के दिन कौन-कौन सी चीजों का दान करना जरुरी है और उससे क्या लाभ मिलेगा।

जया एकादशी पर दान करना काफी शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन किसी गरीब व्यक्ति को अपने क्षमता के अनुसार धन दान करने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है और धन की देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

## आरएसएस नेताओं का विचित्र व्यवहार

शंकर शरण

जब हिन्दुओं पर सीधी चोट पड़ती है, तो संघ परिवार के नेता चुप रहते हैं। बयान तक नहीं देते। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने कहा है कि अहिंसा की अवधारणा की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा जरूरी होती है।

चाहे बंगलादेश के हिन्दुओं का दमन या मंदिरों का विध्वंस हो, अथवा भारत में भी बंगाल, जम्मू, आदि अनेक क्षेत्रों में उत्पीडन् या भेद-भाव हो। पूछने पर बेधड़क कहते हैं- %हम ने हिन्दुओं का ठेका नहीं लिया है।' किन्तु जब हिन्दू स्वत- अपने मुद्दे उठाते हैं जो धर्म-संस्कृति पर अतिक्रमण से जुड़े हों, शान्तिपूर्वक माँग भी करते हैं ङ्क तब संघ-परिवार के नेता उन के मालिक बन कर फटकारते हैं! बल्कि जो खुद किया हो, वही दूसरे हिन्दुओं के करने पर नाराज होते हैं। जैसे, हाल में संघ नेता ने कहा कि हिन्दू मंदिरों को तोड़ कर बनाई गई मस्जिदों के मामले उठाकर कुछ लोग नेता बनना चाहते हैं! उन्हें यह स्वीकार्य नहीं है। इस की इजाजत कैसे दी जा सकती है? यह संघ नेताओं का विचित्र व्यवहार है। जहाँ उन से बोलने और कुछ करने की अपेक्षा की जाती है ङ्क वहाँ वे चुप रहते हैं। और जहाँ उन का कोई काम नहीं, वहाँ बढ़-चढ़कर स्वयंभू कोतवाल बनने लगते हैं! आम संघ स्वयंसेवक भी इस दोहरेपन पर अनजान लगते हैं। संघ नीतियों के अनुरूप ही किसी नेता के वक्तव्य पर कुछ स्वयंसेवक नाराज होते हैं! यह मानसिक दुर्दशा का संकेत है। आखिर, जगजाहिर रूप में तीन दशक पहले ही इस्लाम-आक्रमित मंदिरों से संघ-परिवार पल्ला झाड़ चुका है। अपनी ही रैली में रामजन्मभूमि-बाबरी ढाँचा टूटने (1992) के बाद उन्होंने उस की जिम्मेदारी से इन्कार किया था।

तभी से पहले उठाए मंदिरों का मुद्दा उठाना भी छोड़ दिया। काशी-विश्वनाथ और मथुरा कृष्ण-जन्मभूमि जैसे महत्वपूर्ण मंदिर भी उस में शामिल हैं। एक सर्वोच्च भाजपा नेता ने कोई दो दशक पहले ही कहा था, %अयोध्या मुद्दा भुनाया जा चुका चेक है'। दलीय लाभ उठा लेने के बाद उन्हें अयोध्या में भी मंदिर से मतलब नहीं रह गया था! इसीलिए वह अदालत में अपनी चाल से जैसे-तैसे निपटा। इस खुले रिकॉर्ड के बावजूद कुछ लोग संघ परिवार पर अपनी भावनाएं आरोपित करते रहते हैं। यह भी नहीं देखते कि भाजपा ने किसी हिन्दू-विरोधी नीति के बनते, संविधान-कानून संशोधन होते कभी विरोध नहीं किया। 44 वें संशोधन से लेकर आज तक विविध अवसरों पर यही दिखता रहा है। हाल का सब से गंभीर उदाहरण 86वें संशोधन के बाद की दुर्गति है। शिक्षा का अधिकार कानून (2009) लागू करने में हिन्दुओं को वंचित कर केवल गैर-हिन्दुओं को कई सुविधाएं दी गईं! फलत- देश में हिन्दुओं द्वारा चलाये जा रहे अनगिनत शिक्षा संस्थान बंद होते जा रहे हैं। क्योंकि हिन्दुओं द्वारा संचालित स्कूलों में प्रवेश, और फीस से? लेकर वेतन, आदि तमाम चीजों पर राजकीय नियम लादे गये। इस से उन पर नियमित बड़ा बोझ पड़ा। इस भार से वे सभी संस्थान मुक्त रखे गये, जिन्हें अ-हिन्दू चलाते हैं! ऐसा कानून साफ-साफ हिन्दुओं से अघोषित जजिया वसूलने जैसा स्थाई जुल्म है।

पर इस पर और ऐसे अन्य अन्याय भी होते देख कर संघ परिवार सदैव चुप बना रहा है। निश्चय ही, उन्हें स्वयं अपने हिन्दू होने का बोध भी नहीं! ऐसे अबोध महानुभाव ही भारत के नेता हैं।

इसीलिए, दशकों से संसद में मजबूत उपस्थिति रखते हुए भी उन्होंने कभी किसी हिन्दू-विरोधी नीतिगत फैसलों के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया।

उलटे अपनी ओर से विशेष %अल्पसंख्यक' योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में वे भी उत्साह से आगे रहे।

भाजपा के बड़े-बड़े नेता गर्व से इस के विवरण देते हैं।? जबकि पहले संघ-परिवार अन्य दलों के ऐसे ही काम को %तुष्टिकरण' कहकर हिन्दुओं को उकसाता था! सो, संघ-परिवार का असल व्यवहार लंबे समय से यह है- गैर-हिन्दुओं को ठोस विशेष लाभ, तथा हिन्दुओं को केवल तमाशे, झुनझुने, और शेखी बघारने या डराने की बातें। यही करते हुए वे जनसंपर्क और चुनाव में अपने? लिए वोट माँगते हैं। भाजपा के अलावा भी संघ के संगठन अलग से गैर-हिन्दुओं के लिए योजनाएं चलाते रहे हैं। जैसे, मुस्लिम महिलाओं को पेंशन देना, मस्जिद मदरसों का निर्माण करना, कुरान का प्रचार करना, प्रोफेट मुहम्मद का जन्मदिन मनाना, इस्लाम के आलोचक विदेशी नेताओं के पुतले जलाना, आदि।

उस तरह के काम उन्होंने तब किए जब अधिकांश मुस्लिम नेता उसे हिन्दू नेताओं की %सदभावना' नहीं, बल्कि डरना समझते हैं।

उन में यह समझ विगत सौ सालों से पक्की जमी है। खलीफत जिहाद (1921) के समय देश भर में हिन्दुओं के संहार पर गाँधीजी द्वारा विचित्र, सिद्धांतहीन लीपापोती करने के समय से ही वह मानसिकता बनी कि हिन्दू नेता मुसलमानों से डरते हैं। इसीलिए मुस्लिमों के अनुचित कामों पर भी चुप रहते हैं। ऊपर से विशेष सुविधाएं देते रहते हैं! इस परंपरा के कारण ही सैयद शहाबुद्दीन ने चार दशक पहले भी कहा था, हिन्दू सेक्यूलरिज्म का पालन इसलिए करता है क्योंकि मुस्लिम देशों से डरता है। मुस्लिम नेता अपनी दबंगई और अलगाव छिपाते भी नहीं। पर संघ परिवार के नेता भी गाँधीजी की तरह सच्चाई से मुँह मोड़कर झूठी दलीलें देते हैं। जिस से मुस्लिम नेता अपने दंभ में आश्वस्त, मनमानी माँगें और उग्र बयानबाजी करते रहते हैं।

जबकि हिन्दू निरे नेतृत्वहीन रहते हैं। यह नेतृत्वहीनता आम हिन्दुओं का दोष नहीं, बल्कि उन से धन और वोट लेकर अपना उल्लू सीधा करने वाले संगठनों के विश्वासघात के कारण है। इस प्रकार, गाँधीजी से लेकर संघ-परिवार के नेताओं तक, एकतरफा %मिल-जुल कर रहने' की दलील देकर हिन्दुओं से धोखा करके जजिया दिलवाया जाता है। यह हिन्दू नेतागण स्वेच्छा से करते रहे हैं। जबकि मुस्लिम नेताओं की मानसिकता, बोली, और गतिविधियाँ सदैव ऊँचे और अलग रहने की रहती है। इस एकतरफेपन का फल हिन्दुओं को अधिकाधिक वंचित करने में होता रहा है। जिसे संघ नेता %सदभावना से रहना' कहते हैं, उस की असलियत मुस्लिम नेता बखूबी समझते हैं। अत- संघ परिवार हिन्दू समाज की बुद्धिहीनता का इश्तिहार है।

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि: आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है।आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है ।

वृष राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिये आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही नहीं करेंगे तो नुकसान से बच जायेंगे।

मिथुन राशि: आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं ।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरुरत है।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा।आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में ख़ुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है।

कन्या राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। दोस्त के साथ कुछ दिनो से चल रही अनबन आज आपके पहल करने से ख़त्म होगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा।एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा।लवमेट के लिये आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं।किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।

धनु राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है।आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन शानदार रहने वाला है । आज आप अपने व्यापार को आगे बढाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा।

मीन राशि: आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें।



राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को जबरदस्त राजनीतिक ड्रामा सामने आया जब भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की एक टीम आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के 5, फिरोजशाह रोड स्थित आवास पर पहुंची। जांच का आदेश दिल्ली विधानसभा के वोटों की गिनती से ठीक एक दिन पहले दिया गया था, जिसके लिए 5 फरवरी को चुनाव हुआ था। एसीबी ने अरविंद केजरीवाल को कानूनी नोटिस देकर उनके उन आरोपों के बारे में विवरण और सबूत मांगे हैं, जिनमें उन्होंने कहा था कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों से पहले उनकी पार्टी के उम्मीदवारों की खरीद-फरोख्त का प्रयास किया।



# संगम में डुबकी लगाने के बाद बोले पीएम मोदी, 'करोड़ों लोगों की तरह, मैं भी भक्ति भावना से भर गया

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने हाथ में रुद्राक्ष लेकर मंत्रोच्चारण भी किया। साथ ही गंगा मैया में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने भगवान भास्कर को अर्घ्य भी दिया। पीएम मोदी ने महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने विचार साझा किए। साथ ही कई फोटो भी शेयर की।

पीएम मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का एक क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह, मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। उन्होंने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक के बाद एक कई पोस्ट किए।

उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों लोगों की तरह मैं भी भक्ति की भावना से भर गया। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर-हर गंगे!

दूसरे पोस्ट में उन्होंने लिखा, प्रयागराज के दिव्य-भव्य महाकुंभ में आस्था, भक्ति और अध्यात्म का संगम हर किसी को अभिभूत कर रहा है। पावन-पुण्य कुंभ में स्नान की कुछ तस्वीरेंज

प्रयागराज पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने किया।

इससे पूर्व पीएम मोदी ने महाकुंभ की शुरुआत से एक माह पूर्व 13 दिसंबर को प्रयागराज का दौरा किया था और 5,500 करोड़ रुपए की 167 परियोजनाओं की सौगात दी थी। इसमें यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशनों के अपग्रेडेशन और डेवलपमेंट के साथ-साथ आरओबी फ्लाईओवर, सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण की प्रमुख परियोजनाएं शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, स्थायी घाटों, रिवर फ्रंट, सीवरेज, पेयजल सुविधाओं के साथ विद्युत आपूर्ति से जुड़ी परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया गया था।


उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं।

**महाकुंभ में पीएम मोदी ने संगम के त्रिवेणी घाट पर 11 डुबकी लगाई, 108 मंत्रों का किया जाप !**

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे और त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। डुबकी लगाने के बाद पीएम मोदी ने गंगा पूजन किया।

पंडित राजेश कुमार तिवारी (आचार्य तीर्थ पुरोहित (प्रयागराज) ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संगम के त्रिवेणी घाट पर स्नान किया। उन्होंने 11 डुबकी लगाई और 108 मंत्रों का जाप किया। नजरा बहुत अद्भुत था। पीएम मोदी ने देश और जनकल्याण के लिए पूजा अर्चना की। इस मौके पर सीएम योगी भी उनके साथ थे। पीएम मोदी ने हम लोगों के साथ पूजा की।

पीएम मोदी के आने से यहां पर किसी को कोई असुविधा या परेशानी नहीं हुई। त्रिवेणी संगम में पीएम मोदी ने स्नान किया और पूजा की। इस दौरान बराबर स्नान चलता रहा। आज अष्टमी का दिन है। साल 2019 में भी पीएम मोदी यहां आए थे, तब भी अष्टमी का दिन था।



छत्तीसगढ़ के रा%यपाल रामेन डेका ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.



कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पटना एयरपोर्ट पहुंचने पर समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

# देश को गाली देने के लिए ही राहुल गांधी विपक्ष के नेता बने हैं : गिरिराज सिंह

बेगूसराय (आरएनएस)। केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए बुधवार को कहा कि वह देश को गाली देने के लिए ही विपक्ष के नेता बने हैं। बेगूसराय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान स्थानीय सांसद ने कहा कि अब उन्हें मेक इन इंडिया दिखाई ही नहीं दे रहा है, तो क्या किया जाए। उन्होंने कहा कि देश अब मेक इन इंडिया से मेकिंग फॉर वर्ल्ड की ओर जा रहा है। रक्षा में जहां हम आयात करते थे, आज निर्यात कर रहे हैं। निर्यात बढ़कर अब 90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, यह मेक इन इंडिया का कमाल है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप के नेता अरविंद केजरीवाल के 55 सीट जीतने के दावे पर केंद्रीय मंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा, केजरीवाल दिल्ली विधानसभा की 70 में से 90 सीट जीतने का दावा नहीं कर रहे हैं? वह हताशा में हैं और हार रहे हैं। आखिर 55 क्यों कह रहे हैं? वह तो 62 सीट जीते हुए थे। इसका मतलब है कि उनकी हालत खराब है। वह हार चुके हैं। उनकी सरकार नहीं आने वाली है, इसलिए हताशा में ऐसी बात कर रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि दिल्ली में गरीबों को छला गया, पूर्वांचल एवं बिहार-उत्तर प्रदेश के लोगों के साथ छलावा किया गया। उन्हें न पानी मिलता है, न सड़क है, न स्कूल है, न दवा है, जिसका वह दावा करते हैं।

केंद्रीय बजट को राजद के नेता तेजस्वी यादव द्वारा छलावा कहे जाने पर बेगूसराय सांसद ने कहा कि तेजस्वी यादव अपने पिता लालू यादव से बात कर लें तो अच्छा लगेगा। जिस बिहार को लालू यादव अंधकार में ले गए थे, उस राज्य में पूरा विद्युतीकरण हो गया। आज कोई अंधकार में नहीं है। पहले दो घंटे बिजली आती थी, तब लोग कहते थे बिजली आ गई, अब बिजली दो घंटे जाती है तो लोगों को लगने लगता है कि बिजली चली गई, यह अंतर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जंगल राज वाले विकास का सपना भी नहीं देखते हैं।

**वित्त मंत्रालय की कर्मचारियों को चेतावनी, चैटजीपीटी और डीपसीक का न करें इस्तेमाल**

नई दिल्ली ,05 फरवरी (आरएनएस)। वित्त मंत्रालय ने अपने कर्मचारियों से कहा कि वे आधिकारिक काम के लिए चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल का इस्तेमाल न करें। हाल ही में जारी की गई एडवाइजरी में चेतावनी दी गई है कि ये टूल गोपनीय सरकारी डेटा और दस्तावेजों के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। वित्त मंत्रालय की एडवाइजरी के अनुसार, यह निर्धारित किया गया है कि ऑफिस के कंप्यूटर और डिवाइस में एआई टूल और एआई ऐप (जैसे चैटजीपीटी और डीपसीक आदि) (सरकारी) डेटा और दस्तावेजों की गोपनीयता के लिए जोखिम पैदा करते हैं। इससे पहले आईटी मंत्रालय ने कहा था कि डीपसीक जैसे एआई टूल्स से संबंधित गोपनीयता संबंधी चिंताओं को भारतीय सर्वरों पर ओपन-सोर्स मॉडल की मेजबानी करके प्रबंधित किया जा सकता है।

## भगवान वेंकटेश्वर की पवित्रता का सवाल है,' तिरुपति मंदिर से 18 गैर हिंदू कर्मचारियों की छुट्टी

नई दिल्ली (आरएनएस)। तिरुमला तिरूपति देवस्थानम, तिरूपति मंदिर की संचालक संस्था ने 18 गैर-हिंदू कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इन सभी कर्मचारियों को ट्रांसफर लेने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुनने के लिए कहा गया है। बोर्ड ने कहा कि यह निर्णय अपने मंदिरों और धार्मिक गतिविधियों की आध्यात्मिक पवित्रता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

बोर्ड का मानना है कि मंदिर की धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में हिंदू धर्म के अनुयायियों की भागीदारी आवश्यक है। तिरुमला तिरूपति देवस्थानम (टीटीडी) ने 18 कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। इन कर्मचारियों पर आरोप है कि वे टीटीडी के त्योहारों और अनुष्ठानों में भाग लेने के साथ-साथ गैर-हिंदू धार्मिक गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं। टीटीडी बोर्ड ने हाल ही में एक संकल्प लिया है जिसमें ऐसे कर्मचारियों को दो विकल्प दिए गए हैं- सरकारी विभागों में स्थानांतरित होना, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के माध्यम से बाहर निकलना। टीटीडी कहना है कि धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की पवित्रता को बनाए रखना है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की।

## चेतावनी देता हूं, हम एक इंच भी जमीन नहीं देंगे', वक्फ संशोधन विधेयक पर बोले ओवैसी

नई दिल्ली (आरएनएस)। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय ने विधेयक को उसके वर्तमान स्वरूप को खारिज कर दिया है। ओवैसी ने दावा किया कि विधेयक का वर्तमान स्वरूप भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 14 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक समानता और स्वतंत्रता के अधिकारों की गारंटी देता है। लोकसभा में अपने संबोधन के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा,मैं इस सरकार को सावधान कर रहा हूं और चेतावनी दे रहा हूं- यदि आप वर्तमान स्वरूप में वक्फ विधेयक संसद में लाते हैं और इसे कानून बनाते हैं, तो इससे देश में सामाजिक अस्थिरता पैदा होगी। इसे विधेयक को पूरे मुस्लिम समुदाय ने खारिज कर दिया है। विधेयक का मौजूदा ड्राफ्ट अगर कानून बनता है, तो यह अनुच्छेद 25, 26 और 14 का उल्लंघन होगा। हम कोई वक्फ संपत्ति नहीं छोड़ेंगे, कुछ भी नहीं छोड़ा जाएगा। ओवैसी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा,आप विकसित भारत बनाना चाहते हैं, हम भी विकसित भारत चाहते हैं। आप इस देश को 80 और 90 के दशक में वापस ले जाना चाहते हैं।

# जयपुर एयरपोर्ट पर बड़ा खुलासा : नशे में प्लेन उड़ाने पहुंचा पायलट, यात्रियों की जान जोखिम में डालने की कोशिश

जयपुर (आरएनएस)। जयपुर एयरपोर्ट पर सुबह एक ऐसा वाकया सामने आया, जिसने सुरक्षा के इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। एक चार्टर विमान के पायलट को ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में नशे में पाया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पायलट को विमान उड़ाने से रोक दिया।यह चार्टर विमान, जो दिल्ली की एक निजी कंपनी का था, जयपुर से हैदराबाद के लिए सुबह 9:30 बजे उड़ान भरने वाला था। पायलट सुबह 9:15 बजे फाइनल सिक्योरिटी चेक के लिए पहुंचा, जहां नियमित ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के दौरान उसकी हालत संदिग्ध पाई गई। टेस्ट रिपोर्ट में अल्कोहल की मात्रा मिलने पर उसे तुरंत ड्यूटी से हटा दिया गया। इस घटना के चलते हैदराबाद जाने वाले यात्रियों को लगभग दो घंटे की देरी का सामना करना पड़ा। जैसे ही यह खबर यात्रियों तक पहुंची, उनमें घबराहट और गुस्सा देखा गया। एयरलाइंस कंपनी ने स्थिति को संभालते हुए जल्द ही एक वैकल्पिक पायलट की व्यवस्था की और विमान को रवाना किया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की पूछताछ में पायलट ने कहा कि उसने एक दिन पहले दवाई ली थी, जिसकी वजह से ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में अल्कोहल का स्तर बढ़ा हुआ दिखा। लेकिन प्रशासन इस तर्क से संतुष्ट नहीं है और घटना की विस्तृत जांच कर रहा है।

एविएशन के नियमों के अनुसार, किसी भी पायलट को नशे की हालत में विमान उड़ाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

## नोएडा के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मौके पर पहुंचा बम निरोधक दस्ता; मचा हड़कंप

नोएडा (आरएनएस)। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा में कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सुबह कुछ स्कूलों को एक धमकी भरा ई-मेल आया, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। जिन स्कूलों को धमकी दी गई है, उनमें हेरिटेज स्कूल और मयूर स्कूल का नाम शामिल है। जानकारी के अनुसार, सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य है। कई स्कूलों में कक्षाएं पुनः शुरू हो गई हैं।

वहीं सूचना के बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड और बम निरोधक दस्ता स्कूलों में पहुंचे और छात्रों को ऐहतियातन सुरक्षित स्थानों पर एकत्रित कर लिया गया है। अब तक किसी भी स्कूल में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है। बम स्कवॉड और अन्य वरिष्ठ अधिकारी स्कूलों में जांच कर रहे हैं। साइबर टीम द्वारा ई-मेल की विवेचना की जा रही है। वहीं पुलिस ने कहा है कि जनता से अनुरोध है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें।



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और बेटे के साथ नई दिल्ली में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाती हुई।




केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में भारत जलवायु सप्ताह में इंडिया एसएएफ अलायंस के शुभारंभ में भाग लिया.

## हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश ने सर्वांगीण विकास के मामले में लगाई ऊँची छलांग : मुख्यमंत्री नायब सिंह

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश ने सर्वांगीण विकास के मामले में ऊँची छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले और 2014 के बाद राज्य के हर कोने में बुनियादी ढांचे से लेकर कल्याणकारी कार्यक्रमों में बहुत बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है और आमजन इन बदलावों को प्रत्यक्ष रूप से महसूस भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आज यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा और सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग भी उपस्थित थे। शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव की घोषणा के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी निकाय चुनाव को लेकर पूर्ण तैयारी है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार आयुष्मान कार्ड योजना के तहत सभी निजी अस्पतालों को इलाज का पैसा लगातार रिफंड कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का लाभ प्रदान किया जा रहा है। हरियाणा में इस योजना के तहत अब तक लगभग 20 लाख लोग लाभान्वित हो चुके हैं।दिल्ली के लोगों में आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति भारी रोष नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरान वहां के लोगों ने बताया कि वे आयुष्मान कार्ड योजना के लाभ से वंचित रहे हैं। दिल्ली सरकार ने मोहल्ला क्लीनिक में ही जरूरतमंद लोगों को उलझा दिया जिसमें सिर्फ फर्स्ट एड की सुविधा ही मिलती है। स्वास्थ्य जरूरत के समय अस्पताल में एडमिट होने पर दिल्ली में आयुष्मान योजना के तहत कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने 10 सालों में दिल्ली के लोगों को सिर्फ लॉलीपॉप देने का काम किया। दिल्ली के लोगों में वर्तमान आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति भारी रोष है और वह 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस रोष को निकालने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा भी की है कि आयुष्मान कार्ड योजना के तहत दिल्ली में जरूरतमंद गरीब लोगों को 10 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी।



प्रियंका चोपड़ा के भाई सिद्धार्थ चोपड़ा और उनकी मंगेतर नीलम उपाध्याय की शादी से पहले की रस्मों ने मीडिया और प्रशंसकों को समान रूप से आकर्षित किया है। समारोह के दौरान, प्रियंका, जो वर्तमान में अपने भाई की शादी के लिए मुंबई में हैं, चल रहे कार्यक्रमों के दौरान आकर्षण का केंद्र रही हैं। बुधवार की रात, मेहंदी और हल्दी समारोह हुए, और प्रियंका इस अवसर पर दिल खोलकर नाचती हुई देखी गईं। हालांकि, यह प्रियंका के ससुर पॉल केविन जोनास थे, जिन्होंने अपने गर्मजोशी और विचारशील हावभाव से प्रशंसकों और मीडिया का दिल जीत लिया।



# स्टाइलिश साड़ी पहन कनिका मान ने शेयर किया ग्लैमरस लुक, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस के उड़े होश



टीवी की खूबसूरत एक्ट्रेस कनिका मान आए दिन अपनी लेटेस्ट स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अवतार देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

कनिका मान टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उनका हर एक अंदाज इंडस्ट्री पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार लूटाते हैं।

लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश रिवीलिंग लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। खुले बालों को स्टाइलिश लुक देकर, माथे पर बिंदी और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस कनिका मान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। कनिका मान इन दिनों भले ही किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हैं,

## लूसिफर की हुई वापसी, मोहनलाल की एल 2 एम्पुरान का टीजर रिलीज

मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' का टीजर रिलीज हो चुका है। कोच्चि में ममूटी और मोहनलाल ने मिलकर इसका टीजर रिलीज किया। यह मोहनलाल की साल 2019 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लूसिफर' का सीक्वल है। इस फिल्म में भी मोहनलाल लूसिफर के किरदार में वापसी कर रहे हैं। 'लूसिफर' अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की बतौर निर्देशक पहली फिल्म थी।

फिल्म का दो मिनट 23 सेकंड का टीजर रिलीज किया गया। टीजर के बैकग्राउंड में 'जंग बुराई और बुराई के बीच है..' सुनाई देता है, जो फिल्म में अभिनेता के किरदार लुसिफर के बारे में बताता है। मोहनलाल अपने पुराने किरदार में ही नजर आएंगे, लेकिन इस बार वह और खतरनाक रूप में नजर आएंगे।

# डेलबर आर्या ने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा जताई



अभिनेत्री डेलबर आर्या, जो पंजाबी फिल्मों और कई बॉलीवुड म्यूजिक वीडियो में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, अब बॉलीवुड के किंग खान, शाहरुख खान के साथ काम करने का सपना देख रही हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी इस इच्छा को जाहिर किया और एक नए प्रोजेक्ट को लेकर संकेत भी दिया।

अपनी बेहतरीन प्रतिभा, कड़ी मेहनत और विश्वास की ताकत से डेलबार आर्या निश्चित रूप से एक उभरती हुई स्टार हैं। डेलबरआर्या ने कहा, मैं हमेशा से शाहरुख खान की प्रशंसा करती आई हूँ, न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि उनकी शानदार जर्नी के लिए भी, जो उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मैं हमेशा से बड़े सपने देखती हूँ और मुझे अपने लक्ष्यों को पाने की शक्ति पर विश्वास है।

शाहरुख खान के साथ काम करना मेरी सबसे बड़ी ख्वाहिशों में से एक है। उनकी पर्सनालिटी, प्रोफेशनलिज्म और लोगों से जुड़ने की क्षमता उन्हें एक ड्रीम को-स्टार बनाती है। मैं सच में उनकी उस मशहूर लाइन पर विश्वास करती हूँ - अगर किसी चीज़ को शिद्दत से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने की कोशिश में लग जाती है।

और मैं महसूस कर सकती हूँ कि यह जल्द ही सच होने वाला है। डेलबर आर्या के इस बयान ने उनके फैंस के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अगर यह प्रोजेक्ट सच होता है, तो यह उनके करियर का एक बड़ा मुकाम होगा। डेलबर अपने सपनों को पूरा करने और सीमाओं को पार करने में विश्वास रखती हैं, और उनके फैंस इस संभावित कोलैबोरेशन की आधिकारिक घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह सिर्फ एक ख्वाहिश है या फिर किसी बड़े प्रोजेक्ट की झलक, यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

## अक्षय कुमार की स्काई फोर्स की पकड़ बरकरार, फिल्म ने दूसरे वीकेंड पर भी दिखाया दम

अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया और सारा अली खान स्टारर देशभक्ति फिल्म 'स्काई फोर्स' गणतंत्र दिवस से पहले 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और ये बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है और अब दूसरे वीकेंड़ पर भी 'स्काई फोर्स' ने अच्छी कमाई कर ली है. चलिए यहां जानते हैं अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी की 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है?

'स्काई फोर्स' 1965 में सरगोधा में पाकिस्तानी एयरबेस पर भारत के पहले हवाई हमले पर आधारित है. इस फिल्म को दर्शकों से भरपूर प्यार मिल रहा है और इस के साथ 'स्काई फोर्स' करोड़ों में कमाई कर रही है. गौरतलब है कि इस मूवी को सिनेमाघरों में अब शाहिद कपूर की नई रिलीज फिल्म देवा से भी टक्कर मिल रही है लेकिन 'स्काई फोर्स' मजबूती के साथ आगे बढ़ती नजर आ रही है. मेकर्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक ये फिल्म पहले हफ्ते में ही 100 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई थी और दूसरे वीकेंड़ भी भी इसने अच्छा बिजनेस किया है. फिल्म की अब तक की कमाई की बात करें तो मेकर्स द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के मुताबिक

'स्काई फोर्स' ने 15.30 करोड़ के कलेक्शन के साथ खाता खोला था. इस फिल्म के पहले हफ्ते की कमाई 99.7 करोड़ रुपये रही. वहीं 8वें दिन 'स्काई फोर्स' ने 4.6 करोड़ का कलेक्शन किया और 9वें दिन 7.4 करोड़ कमाए. मेकर्स के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 9 दिनों का कलेक्शन 111.7 करोड़ रुपये हो चुका है. वहीं सैकनिल्क के अर्ली ट्रेंड के मुताबिक 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के दूसरे संडे यानी 10वें दिन 5.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'स्काई फोर्स' की 10 दिनों की कुल कमाई अब 116.32 करोड़ रुपये हो गई है.

# द दिल्ली फाइल्स का टीजर आउट, मिथुन चक्रवर्ती ने अपने हैरतअंगेज अवतार से उड़ाए होश

निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी आगामी फिल्म 'द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर' का टीजर जारी कर दिया है।

बंगाल त्रासदी पर बनी फिल्म के टीजर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अग्निहोत्री ने इसे संविधान का सम्मान बताया।

सोशल मीडिया पर सक्रिय विवेक रंजन अग्निहोत्री ने 'द दिल्ली फाइल्स' के टीजर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, प्रस्तुत है 'द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर' के निर्माताओं की ओर से भारत के संविधान को सम्मान।

इस स्वतंत्रता दिवस पर एक महाकाव्य अनकही कहानी का गवाह बनें। दुनिया भर में रिलीज होगी।

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में तैयार 'द दिल्ली फाइल्स: बंगाल चैप्टर' के दो मिनट 21 सेकंड के टीजर वीडियो में मिथुन चक्रवर्ती अपनी जली हुई जीभ से संवाद सुनाते दिखाई दिए। संवेदनशील मुद्दे पर बनी 'द दिल्ली फाइल्स' में दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का पहला लुक दमदार है।

बंगाल की त्रासदी और हिंदू नरसंहार पर बनी फिल्म के टीजर में अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती एक खाली गलियारे में धीरे-धीरे चलते और जली हुई जीभ से भारत के संविधान को सुनाते नजर आए। मिथुन सफेद दाढ़ी और कांपती आवाज के साथ संविधान का पाठ करते दिखे।

'द दिल्ली फाइल्स' भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय को बड़े पैमाने पर जीवंत करती है। यह बंगाल की मार्मिक त्रासदी की पड़ताल करती है, जो भारत के अतीत के एक ऐसे हिस्से को उजागर करती है, जिसे लोग ज्यादा नहीं जानते।

प्रभावशाली कहानी, लुभावने दृश्यों और शानदार कलाकारों से सजी फिल्म स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर का निर्देशन विवेक रंजन अग्निहोत्री ने किया है। फिल्म का निर्माण अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी ने किया है। तेज नारायण अग्रवाल और आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस के सहयोग से फिल्म बनी है।

फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती के साथ अनुपम खेर, गोविंद नामदेव, पुनीत इस्सर, बब्बू मान और पालोमी घोष भी अहम भूमिका में हैं।

द दिल्ली फाइल्स: द बंगाल चैप्टर इसी साल पर्दे पर दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म 15 अगस्त, 2025 को दुनियाभर में रिलीज होगी।

## शाहिद कपूर की फिल्म देवा का नया गाना मर्जी चा मालिक जारी, दिखा धांसू अवतार

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म देवा को बीते 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह दर्शकों को बॉक्स ऑफिस तक खींचने के लिए संघर्ष कर रही है।

इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन टिकट खिड़की पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।

अब इस बीच निर्माताओं ने देवा का नया गाना मर्जी चा मालिक जारी कर दिया है, जिसमें शाहिद का धांसू अवतार दिख रहा है। देवा का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है, वहीं फिल्म का निर्माण विद्या बालन के पति और जाने-माने फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। इस फिल्म में पावेल गुलाटी भी अहम भूमिका में हैं। देवा में शाहिद एक पुलिस अफसर देव के किरदार में हैं, जो विद्रोही स्वभाव वाला है।

# अपने वर्कआउट रुटीन में शामिल करें त्रिकोणासन, जानिए इसका अभ्यास और अन्य जरूरी बातें

त्रिकोणासन योग का एक अहम आसन है, जो शरीर की स्थिरता और संतुलन को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

यह आसन न केवल शरीर को लचीला बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

इस लेख में हम त्रिकोणासन के विभिन्न रूपों पर चर्चा करेंगे, जो शरीर की स्थिरता को और भी मजबूत बना सकते हैं। इन रूपों को अपनाकर आप अपने योग अभ्यास को और प्रभावी बना सकते हैं।



त्रिकोणासन करने का तरीका

सबसे पहले सीधे खड़े होकर पैरों को 3-4 फीट की दूरी पर फैलाएं, फिर दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर और बाएं पैर को थोड़ा अंदर की ओर घुमाएं।

बाहों को कंधे के स्तर पर उठाएं, हथेलियां नीचे की ओर रखें। धीरे-धीरे दाहिनी ओर झुकें, दाहिने हाथ से जमीन या टखने को छूने का प्रयास करें, जबकि बायां हाथ सीधा ऊपर रहे।

सिर बाईं तरफ घुमाकर ऊपर देखें। कुछ सेकंड तक इस स्थिति में रहें और फिर सामान्य हो आएं।

नियमित त्रिकोणासन करने से मिलने वाले फायदे

त्रिकोणासन नियमित रूप से करने से शरीर में लचीलापन आता है और मांसपेशियों का तनाव कम होता है।

यह आसन रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, जिससे पीठ दर्द में राहत मिलती है।

इसके अलावा यह पेट के अंगों की मालिश करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर होता है।

मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए भी यह आसन उपयोगी माना जाता है क्योंकि इससे ध्यान केंद्रित होता है और तनाव कम होता है।

त्रिकोणासन करते समय सावधानियां बरतें

त्रिकोणासन करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि किसी प्रकार की चोट या परेशानी न हो।

अगर आपको गर्दन या पीठ में कोई समस्या हो तो इस आसन को करते समय विशेष सावधानी बरतें या विशेषज्ञ से सलाह लें।

गर्भवती महिलाओं या हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को इसे करने से पहले डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए।

हमेशा सुनिश्चित करें कि आपके पैर सही तरीके से स्थित हों ताकि संतुलन बना रहे।

अन्य योगासनों के साथ त्रिकोणासन आजमाएं

त्रिकोणासन का अभ्यास अन्य योगासनों जैसे वीरभद्रासन या पर्वतासन के साथ किया जा सकता है ताकि शरीर का संतुलन बेहतर हो सके और लचीलापन बढ़े।

इन आसनों का संयोजन आपके योग सत्र को अधिक प्रभावशाली बनाता है क्योंकि ये सभी मिलकर पूरे शरीर पर काम करते हैं, जिससे मांसपेशियों में मजबूती आती हैं और मानसिक शांति प्राप्त होती हैं।

इस प्रकार त्रिकोणासन एक बहुपयोगी आसन साबित हो सकता है।

# महिलाओं के बीच फिर से प्रचिलित हो रही है स्किनी जींस, जानिए स्टाइल करने के तरीके

पिछले कुछ सालों से महिलाओं के बीच वाइड लेग जींस और बेल बॉटम जैसी पैंट का चलन है।

इस दौरान महिलाएं स्किनी जींस पहनना नहीं पसंद करती थीं और यह परिधान फैशन से बाहर हो गया था। हालांकि, इस साल यह परिधान एक बार फिर चलन में आ रहा है।

आज के फैशन टिप्स में हम आपको स्किनी जींस स्टाइल करने के 4 तरीके बताएंगे, जिन्हें आजमाकर आप बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश लगेंगी।

ब्लेजर और बूट के साथ पहनें

इस साल महिलाएं एक औपचारिक लुक पाने के लिए स्किनी जींस का चुनाव कर सकती हैं।

इस परिधान को स्टाइल करने के लिए सबसे पहले एक हाई नेक टॉप या स्वेटर पहनें। अब इसके ऊपर एक अच्छी फिटिंग वाला ब्लेजर लेयर करें और पैरों में बूट पहनें।

आपको ऐसे बूट चुनने चाहिए, जो लंबे हों और जिनमें पेंसिल हील लगी हों। अपनी जींस को बूट के अंदर टक करें और बालों में स्लीक पोनी बना लें।

ढीली शर्ट के साथ स्टाइल करें

अगर आप दिन के समय घूमने जा रही हैं तो आप स्किनी जींस के साथ शर्ट पहन सकती हैं। आप सफेद, हरे, गुलाबी, काले जैसे पसंदीदा रंग की शर्ट चुन सकती हैं।

शर्ट को पूरी तरह जींस में टक करें या आधे हिस्से को टक करके आधा बाहर ही रहने दें। इसके साथ हील वाली सैंडल पहनें और एक सुंदर-सा स्लिंग बैग स्टाइल करें।



इस लुक के साथ आप बालों को खुला रख सकती हैं या जूड़ा बना सकती हैं।

हॉल्टर नेक टॉप के साथ लगेंगी शानदार

स्किनी जींस के साथ हॉल्टर नेक वाला टॉप भी बेहद शानदार लगता है। हॉल्टर टॉप एक प्रकार का स्लीवलेस टॉप होता है, जिसकी पट्टियां गले के पास बंधी होती हैं।

स्किनी जींस के साथ पहनने के लिए ऐसा हॉल्टर टॉप चुनें, जो हल्का क्रॉप हो और जिसकी फिटिंग अच्छी हो।

अपने लुक को पूरा करने के लिए कानों में हूप इयररिंग, आखों में धूप का चश्मा, पैरों में पेंसिल हील सैंडल और कलाई में घड़ी पहनें।

स्वेटर के साथ भी लगेंगी सुंदर

अगर आप अपने लुक को एफर्टलेस रखना चाहती हैं तो स्किनी जींस और स्वेटर का चुनाव करें। हल्का ढीला स्वेटर चुनें और उसके साथ नीले या काले रंग की स्किनी जींस पहनें।

अपने स्वेटर को आगे से जींस में टक करें और पीछे की ओर से बाहर ही रहने दें। ऐसा करने से आप पतली और लंबी नजर आएंगी।

इसके साथ एक सुंदर-सा लॉकेट पहनें, टोट बैग टांगें और स्नीकर्स स्टाइल करें।

## शब्द सामर्थ्य - 317

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 316 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना शहपुरा में मारपीट में घायल को उपचार हेतु सीएचसी शहपुरा लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को अभिजीत सिंह उम्र 17 वर्ष निवासी खैरी मोहल्ला शहपुरा ने बताया कि वह कक्षा 12 वीं में पढाई करता है वह अपने साथी प्रेम मेहरा एवं अभिषेक राजपूत के साथ मालकछार घाट नर्मदा नदी के दर्शन करने अपनी मोटर सायकल से आया था नर्मदा जी के दर्शन करके मोटर सायकल से वह एवं प्रेम मेहरा वापस आ रहे थे शाम लगभग 6 बजे जैसे ही ग्राम मालकछार में शीतलपुर तिराहा के पास पहुँचा



# 69वां रेल सेवा पुरस्कार समारोह 2024 संपन्न-मंडल रेल प्रबंधक ने 57 रेलवे कर्मचारियों को किया पुरस्कृत









## मंडल के 57 रत्न रूपी कर्मचारी वार्षिक रेल सेवा पुरस्कार से पुरष्कृत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेल मंडल में कार्यरत लगभग 19 हजार कर्मचारियों में से रत्न रुपी 57 रेल कर्मचारियों को उनकी अति उल्लेखनीय रेल सेवा पर आज शुक्रवार को 69 वे रेल सप्ताह समारोह में रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा ने भव्य रेल समारोह में उक्त कर्मचारियों के कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें व्यक्तिगत पुरस्कार से पुरष्कृत किया।

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए श्री तलरेजा ने कहा कि वर्ष 2023-24 के दौरान आपके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए आप सभी को बधाई देता हूँ। आप सभी के अथक प्रयासों से रेलवे बोर्ड और मुख्यालय द्वारा जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उन्हें पूरा करने में जबलपुर मंडल सफल रहा है यात्रियों के आवागमन में सुधार के फलस्वरूप विगत 10 माह में 3.32 करोड़ यात्रियों ने जबलपुर मंडल से यात्रा की है जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 6.82 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष यात्री आय कुल 768.05 करोड़ रूपये रही है जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.66 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि जबलपुर मंडल की सकल आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है, इस वर्ष अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक कुल आय 3927.97 करोड़ रूपये रही है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 53.22 करोड़ की वृद्धि हुई है।

इसी तरह उन्होंने बताया कि आधारभूत संरचना के विकास के तहत वर्ष के दौरान सतना- बरेठिया नई रेल लाइन 17.84 ट्रैक कि.मी., बीना-कटनी खंड में नया स्टेशन- न्यू मझगवां फाटक, कटनी-सिंगरौली खंड में 37.61ट्रैक कि. मी. दोहरीकरण, तथा बीना-कटनी खंड में 29.95 ट्रैक कि.मी. नई तीसरी लाइन का कार्य पूर्ण किया गया है, कुल 60 पूलों का पुनर्निर्माण किया गया है। इससे माल/कोयला लदान में और अधिक बढ़ोत्तरी होगी।

समारोह में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत मंडल के लेखा, सामान्य प्रशासन, वाणिज्य, इंजीनियरिंग, विद्युत, यांत्रिक, मेडिकल परिचालन, संरक्षा, सिग्नल एवं दूरसंचार, स्टोर्स विभाग के 57 रेल कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार स्वरुप सराहनीय सेवा के प्रमाण पत्र प्रदान किये गए।

दक्षता शील्ड के तहत विभिन्न विभागों को उनके शानदार एवं उल्लेखनीय प्रदर्शन पर विभिन्न विभागों को 35 दक्षता शील्ड प्रदान की गई है । इस समारोह में महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती आभारानी आनंद, सचिव श्रीमती मधु सिंह, श्रीमती अंजलि विश्वकर्मा, श्रीमती मरियम खान सहित अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री आनंद कुमार, श्री सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निर्मला गुप्ता तथा रेल मंडल के शाखाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# संभाग क्रमांक 2 एवं 11 में हुई कुर्की की कार्रवाई




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित आय की पूर्ति के लिए वार्डवार संभागवार वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ सभी संभागीय अधिकारियों, अन्य राजस्व अमले के द्वारा करदाताओं के घर-घर भी सम्पर्क किया जाकर बकाया करों की राशि की वसूली की जा रही है।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार संचालित राजस्व वसूली अभियान के अंतर्गत आज बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों की कुर्क करने की कार्रवाई में तेजी आई है। आज संभाग क्रमांक 2 एवं 11 के अंतर्गत बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों को कुर्क करने के साथ-साथ जल उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटने एवं उनसे कर जमा करने प्रेरित किया गया। संभाग क्रमांक 2 के मदन महल वार्ड में भवन स्वामी चरन जीत कौर/मोहन सिंह बकाया राशि 59 हजार 6 सौ 91, सरदार मोहन सिंह बग्गा/स्व. सरदार प्रेम सिंह, शाहनी कौर/सरदार मोहन सिंह, तरन दीप सिंह बकाया राशि 6 लाख 43 हजार 4 सौ 33, सत्य प्रकाश, देवी सिंह, राजेन्द्र सिंह बकाया राशि 1 लाख 94 हजार 4 सौ 41 एवं शानी रानी बग्गा/मोहन सिंह बग्गा बकाया राशि 71 हजार 5 सौ 58 की वसूली के लिए भवन पर कुर्की के पोस्टर चस्पा किये गये साथ ही अन्य बकायादरों से सम्पर्क किया गया। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 11 के जवाहर लाल नेहरू वार्ड में भवन स्वामी विमला बकाया राशि 42 हजार 6 सौ 63, राजू गुप्ता बकाया राशि 29 हजार 4 सौ 40, लच्छो बाई बकाया राशि 32 हजार 18 एवं ट्रेबर डेनियल बकाया राशि 26 हजार 9 सौ 28 की वसूली के लिए भवन पर कुर्की के पोस्टर चस्पा किये गये साथ ही अन्य बकायादरों से सम्पर्क किया गया। कार्रवाई के दौरान सभागीय अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह, कुलदीप तिवारी, राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सिंह राजपूत, टी.सी. रोहित कोरी, नोटिस सर्वर दिलीप पटेल, वीरेंद्र वाडिवा एवं टीम उपस्थित रही।

### प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर। थाना बरेला में रात्रि में मारपीट में घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज लाये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को अजय चक्रवर्ती उम्र 19 वर्ष निवासी निवासी वार्ड बरेला ने बताया कि दिनांक 4-2-25 को रात लगभग 10-30 बजे वह एवं उसका दोस्त समीर चक्रवर्ती अपनी मोटर सायकल से बस स्टेण्ड पान ठेला गुटखा लेने आये थे तभी अमन बर्मन और समीर आर्मो दोनों उसको गाली गलोज करने लगे, जिन्हें गाली देने से मना किया तो समीर आर्मो ने चाकू से हमलाकर उसके कमर में चोट पहुँचा दी उसके दोस्त समीर चक्रवर्ती ने बीच बचाव किया

## अधिभार से बचने 31 मार्च के पूर्व बकाया करों की राशि जमा करने करदाताओं से निगमायुक्त ने की अपील

# अवकाश के दिन भी करदाताओं की सुविधा के लिए खुले रहेगें नगर निगम के सभी कैश काउंटर

**31 मार्च के बाद करों पर लगेगा अधिभार**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानसुर सभी वार्डो में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिनके द्वारा अभी तक बकाया करों की राशि जमा नहीं की गयी है उनके विरूद्ध कुर्की की कार्रवाई भी की जा रही है। जिसकी समीक्षा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार स्वयं कर रहीं हैं। निगमायुक्त श्रीमती यादव के द्वारा राजस्व अमले को सख्त निर्देश दिये हैं कि अवकाश दिनों में भी करदाताओं की सुविधा के लिए सभी कैश काउंटर खुले रखें और जिन करदताओं के द्वारा अभी तक बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर की राशि जमा नहीं की गयी है, उनके विरूद्ध तेजगति से कार्रवाई करें।

कार्रवाई के संबंध में उपायुक्त श्री सनखेरे ने जानकारी दी है कि समस्त करदाता अपना सम्पत्ति कर, जलशुल्क एवं अन्य कर 31 मार्च तक जमा करें। 31 मार्च के पश्चात करों की राशि जमा करने पर अधिकभार लगेगा। उन्होंने कहा कि करदाताओं की सुविधा के लिए सभी शनिवार एवं रविवार अवकाश दिवस में भी सभी कैश काउंटर खुले रहेगें।

उपायुक्त राजस्व ने बताया कि करदाताओं को फोन व मैसेज कर शनिवार अवकाश में भी कैश काउंटर खुले होने की सूचना से अवगत कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक नागरिक टैक्स जमा कर सकें। उन्होंने बताया कि मैदानी अमले को निर्देश दिये गए हैं कि वे जितने भी करदाताओं को जानते हैं, उनसे सम्पर्क कर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि बहुत से करदाता समय के आभाव के कारण कैश काउंटर्स तक नहीं पहुँच पाते और ऐसे में उनकी सहूलियत को ध्यान में रखकर समय-समय पर अवकाश के दिन काउंटर खोला जाता है। इसी कड़ी में आज शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन करदाताओं की सहूलियत के लिए कैश काउंटर खोले रखने का निर्णय लिया गया है, ताकि करदाता आसानी से अपना टैक्स जमा कर सकेगें। इसलिए नगर निगम के निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों तथा संस्थाओं के प्रमुखों से भी अपील की है कि आज शनिवार एवं रविवार अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

# रेलवे ने भर्ती में तेजी लाई- पिछले दशक में 5 लाख से अधिक रिक्तियां भरी गईं, वार्षिक कैलेंडर शामिल किया गया

## परिचालन और कार्यात्मक आवश्यकताओं के लिए सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों को पुन: कार्य पर लगाया गया

जबलपुर। भारतीय रेलवे के आकार, स्थानिक प्रसार और संचालन आवश्यकता को देखते हुए रेलवे में रिक्तियां उत्पन्न होना और भरा जाना एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इसके नियमित संचालन, प्रौद्योगिकी उन्नयन, मशीनीकरण और नवीन प्रचलनों के लिए पर्याप्त और कुशल मानवशक्ति प्रदान की जाती है। रिक्तियां मुख्य रूप से परिचालन और तकनीकी आवश्यकता अनुरूप रेलवे द्वारा भर्ती एजेंसियों के साथ मांग जारी कर भरा जाता है। कोविड महामारी के कारण लगाए गए प्रतिबंधों में ढील के बाद, 2020 से 2022 के दौरान दो प्रमुख परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गईं जिनमें 2.37 करोड़ से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

इन परीक्षाओं के आधार पर रेलवे में 130581 अभ्यर्थियों की भर्ती की गई है। रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं काफी तकनीकी होती हैं, जिसके लिए बड़े पैमाने पर कर्मियों और संसाधनों की आवश्यकता होती है तथा जनशक्ति को प्रशिक्षित किया जाता है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों पर काबू पाते हुए सभी निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन से साथ पारदर्शी तरीके से भर्ती सफलतापूर्वक पूरी की। इस समूची प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक होने या इसी तरह की किसी गड़बड़ी की कोई घटना नहीं हुई। भारतीय रेलवे में 2004-2014 तथा 2014-2024 के दौरान की गई भर्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है- अवधि 2004-2014 - भर्ती 4.11 लाख। अवधि 2014-2024 - भर्ती 5.02 लाख। इसके अलावा, व्यवस्था में सुधार के तौर पर रेल मंत्रालय ने ग्रुप %सी% पदों की विभिन्न श्रेणियों में भर्ती के लिए 2024 से वार्षिक कैलेंडर जारी करने की व्यवस्था शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर से उम्मीदवारों को निम्नलिखित लाभ होंगे- उम्मीदवारों के लिए अधिक अवसर; हर साल पात्र बनने वालों को अवसर; * तीव्र भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियां।

# तमिलनाडु ट्रांसमिशन कंपनी की एम डी सहित उच्च स्तरीय टीम ने किया एमपी ट्रांसको का दौरा

## दोनों ट्रांसमिशन यूटिलिटी की बेस्ट प्रैक्टिसों के आदान-प्रदान पर हुई मंत्रणा



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। तमिलनाडु पावर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध संचालक श्रीमती के . इंद्राणी के नेतृत्व मे तमिलनाडु ट्रांसको की उच्च स्तरीय अधिकारियों की एक टीम ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर का दौरा कर एक आपसी समन्वय बैठक में हिस्सा लिया । इस उच्च स्तरीय बैठक में तमिलनाडु ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध संचालक श्रीमती के इंद्राणी तथा एम पी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी सहित मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया,जिसमें दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संस्थानों में अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसों के बारे में चर्चा की और आपसी तालमेल के साथ एक दूसरे की बेस्ट प्रेक्टिस पर अमल करने के लिए सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की।

एम पी ट्रांसको का स्काडा नेटवर्क स्टडी और सिस्टम मॉनिटरिंग के लिए सटीक = एम डी श्रीमती के इंद्राणी

तमिलनाडु ट्रांसको टीम की प्रबंध संचालक श्रीमती के इंद्राणी ने स्काडा कंट्रोल सेंटर का दौरा कर उसकी कार्य प्रणाली का सूक्ष्मता से अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि एम पी ट्रांसको का यह बेहतरीन स्काडा सेंटर

नेटवर्क स्टडी और सिस्टम मॉनिटरिंग के लिए सटीक टूल है। स्काडा कंट्रोल सेंटर जबलपुर में उपलब्ध सुविधाओं को उत्कृष्ट बताते हुए तमिलनाडु ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता ग्रिड ऑपरेशन श्री विजय ने मध्य प्रदेश की तीनों डिस्काम कंपनियों की डिमांड एक स्थान पर मॉनिटर करने की व्यवस्था को अद्भुत बताते हुए कहा कि 33 के व्ही लेवल की स्काडा से मानिटरिंग करना एक बेहद सराहनीय उपलब्धि है।टीम ने मध्य प्रदेश द्वारा अपनाई गई टी बी सी बी(टेरिफ बेस्ड काम्पटीटिव बिडिंग) और एस टी यू ( स्टेट ट्रांसमिशन यूटिलिटी)की कार्य प्रणाली को भी समझा ।

## मनाया गया मोक्षकल्याणक महोत्सव - आज ज्ञानायतन में होंगे अनुष्ठान

# तीर्थंकर महावीर को पावापुर से हुआ निर्वाण




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कारधानी जबलपुर में चल रहे श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के छठवें दिन सकल जैन समाज, वीतराग विज्ञान मंडल, जैन युवा फेडरेशन एवं त्रिशला महिला मंडल के साथ हजारों जैन बंधुओं ने मोक्षकल्याणक महोत्सव मनाकर तीर्थंकर महावीर भगवान के निर्वाण महोत्सव की खुशियां मनाई। महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि श्री वीर प्रभु को कार्तिक कृष्ण अमावस्या के शुभ दिन प्रात: काल की मंगल बेला पर पावपुर से निर्वाण अर्थात मोक्ष की प्राप्ति हुई, जिसकी खुशी में सौधर्म इंद्र सहित समस्त इंद्र - इंद्राणी, राजा - रानियों सहित श्रावक - श्राविकाओं ने निर्वाण काण्ड पढ़कर मोक्षकल्याणक का प्रतीक निर्वाण लाडू समर्पित किया ओर विश्व शांति की मंगल भावना के साथ सुखी रहे सब जीव जगत के ऐसी मंगल भावना व्यक्त की।

### श्री जिनेन्द्र शौभायात्रा निकली

श्री वीर प्रभु के निर्वाण के पश्चात प्रतिष्ठाचार्य रजनीभाई दोशी, निर्देशक पं. अभयकुमार शास्त्री एवं संयोजक पं. विराग शास्त्री के मार्गदर्शन श्रीजी, मां जिनवाणी एवं आचार्य भगवन्तों के पावन चरण लेकर विशाल शौभायात्रा निकाली गई जो मंगलगान करते हुए नवीन जिनालय धर्मायतन पहुंची जहां सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा मानस्तंभ सहित वेद पर मनोहारी जिनबिम्बों की स्थापना कर मां जिनवाणी सहित आचार्य भगवन्तों के पावन चरण विराजमान किए गए पश्चात शिखर पर स्वर्ण ध्वजाओं सहित मंगल कलश की स्थापना कर जिनालय का उदघाटन कर परम पवित्र जिनशासन की मंगल प्रभावना की गई।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश वर्मा की नियुक्ति पर उठे गंभीर सवाल, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उच्च स्तरीय जांच के लिए प्रमुख सचिव को प्रेषित किया पत्र

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भोपाल/जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा की नियुक्ति पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस मामले को गंभीर बताते हुए उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलगुरु प्रो राजेश कुमार वर्मा एवं अन्य कुलपतियों की नियुक्तियों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व भारतीय राष्ट्रिय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन रजक द्वारा माननीय नेता विपक्ष को एक शिकायत उनसे मिलकर प्रेषित की गई थी जिसमें प्रो राजेश कुमार वर्मा के मूल पद अर्थात प्राध्यापक पद पर नियुक्ति में विसंगति को लेकर साक्ष्य प्रस्तुत किए गए थे। इसी कड़ी में माननीय नेता विपक्ष ने संज्ञान लेते हुए जांच का निवेदन प्रमुख सचिव से किया है। पत्र में उल्लेखित है कि इस संबंध में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक की शिकायत संलग्न है जिसमें लेख है कि विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलगुरु प्रो राजेश कुमार वर्मा की उनके मूल पद अर्थात प्राध्यापक पद पर नियुक्ति में विसंगति स्पष्ट परिलक्षित हो रही है। उन्हें पीएचडी की उपाधि 25/11/2008 को प्राप्त हुई, और इनके द्वारा जनवरी 2009 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्राध्यापक पद पर विज्ञापन के लिए आवेदन किया गया। लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन में इस राजपत्रित प्रथम श्रेणी के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव की शर्त थी। शैक्षणिक योग्यता के रूप में पीएचडी उपाधि एवं दस वर्षों का अध्यापन अनुभव आवश्यक था। इसके अतिरिक्त विज्ञापन में वर्णित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शैक्षणिक पदों पर भर्ती की मार्गदर्शिका 2003 में स्पष्ट उल्लेखित था कि दस वर्षों के अनुभव में शोध निदेशक का अनुभव भी सम्मिलित होना चाहिए। प्रो राजेश कुमार वर्मा 20/02/2009 (विज्ञापन की अंतिम तिथि) तक शोध निदेशक बनने के पात्र ही नहीं थे, न ही इनके मार्गदर्शन में किसी पीएचडी शोधार्थी ने शोध पूर्ण किया था। अत: विज्ञापन की अंतिम तिथि तक प्रो राजेश कुमार वर्मा का शोध निदेशक के रूप में अनुभव शून्य था। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के समक्ष उत्तर प्रस्तुत किया, कि प्राध्यापक पद हेतू जो दस वर्षों का अनुभव अनिवार्य किया गया है, उस अनुभव की गणना अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता को संधारित करने के पश्चात से की जाएगी न कि उससे पहले। अर्थात् प्रो राजेश कुमार वर्मा को विज्ञापन की अंतिम तिथि तक अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता को संधारित करने के पश्चात मात्र तीन माह का अनुभव था। इस संबंध में यह ज्ञात हो कि डॉ. श्रीमती अंकिता बोहरे बनाम मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (ङ्खक्क4086/2011) के मामले में, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि प्रोफेसर पद के लिए आवश्यक शिक्षण अनुभव केवल क्कद्धष्ठ प्राप्त करने के बाद से ही गिना जाएगा, और राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों का अनुभव ही मान्य होगा। इसी प्रकार, (7310/2000) में उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी पद के लिए आवश्यक अनुभव की गणना तभी होगी जब उम्मीदवार ने न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पूरी कर ली हो। .क्क क्कह्वठ्ठद्भड्ढ स्द्गह्म1द्बष्द्ग ष्टश्रद्वद्वद्बह्यह्यद्बश्रठ्ठ बनाम डॉ. साद उस्मानी (1998) मामले में भी सर्वोच्च न्यायालय ने यह माना कि आवश्यक शिक्षण अनुभव केवल शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद का ही गिना जाएगा। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में डॉ. समता जैन बनाम स्व्क्कस्ष्ट (ङ्खक्क8543/2011) और डॉ. संगीता भरुका बनाम मध्यप्रदेश शासन (ङ्खक्क7452/2011) में भी यही सिद्धांत स्थापित किया गया कि प्रोफेसर पद के लिए क्कद्धष्ठ के पश्चात का अनुभव ही मान्य होगा। दूसरी ओर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (ढ्ढष्ट) के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु अन्य उपाय संबंधी विनियम 2018, के अनुसार, किसी भी विश्वविद्यालय में कुलपति/कुलगुरु पद के लिए उम्मीदवार के पास प्राध्यापक/वरिष्ठ आचार्य के पद पर कम से कम दस वर्षों का कार्यानुभव होना अनिवार्य है। जिस व्यक्ति की मूल पद पर नियुक्ति ही अवैधानिक है, अर्थात प्राध्यापक पद पर नियुक्ति में विसंगति होने में प्रो राजेश कुमार वर्मा वर्तमान में कुलगुरु पद पर नियुक्ति के हकदार नहीं है। इनकी नियुक्ति में विसंगति को पिछले दिनों ही भारतीय राष्ट्रिय छात्र संगठन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से साक्ष्यों सहित पेश किया था, एवं इस संबंध में इनकी शिकायत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, राजभवन, मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव और उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन से की गई है। प्रश्न उठता है कि जब इनकी नियुक्ति ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के विपरीत है, तो ये लोग प्रदेश के विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोराबजार में मोहनलाल हरगोविन्ददास अस्पताल से सूचना मिली कि श्रीमती पुष्पलता पटैल उम्र 38 वर्ष निवासी स्कूल मोहल्ला टेमर भीटा थाना गोराबजार की दिनांक 2-2-25 को 9 बजे घर पर जलने के कारण उपचार हेतु दिनांक 2-2-25 को भर्ती कराई गयी थी जिसकी दौरान उपचार के आज सुबह लगभग 9 बजे मृत्यु हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

### सोशल मीडिया में लाइक-व्यू पाने युवक की शर्मनाक हरकत

# नंगा होकर कार की छत पर बैठा, मामला दर्ज



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में एक युवक के द्वारा निर्वस्त्र होकर कार की छत में बैठकर सड़कों पर रील बनाने का मामला सामने आया है। युवक पूरी तरह से निर्वस्त्र होकर कार की छत पर बैठा हुआ है। और बाकायदा मोबाइल से अपना न्यूड वीडियो बनवा रहा है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के आधार पर माढ़ोताल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

वीडियो दो दिन पहले का बताया जा रहा है, जो शुक्रवार को सामने आया है। वीडियो में एक युवक लग्जरी कार की छत पर भीड़भाड़ वाले इलाके में बैठा हुआ है।

लोगों की फटकार के बाद पहने कपड़े

करीब 25 वर्षीय युवक ने पहले तो सरेराह अपने कपड़े उतारे और फिर रील बनाने के लिए कार की छत पर जाकर बैठ गया। इस दौरान उसके कुछ दोस्त बाकायदा उसका वीडियो भी बना रहे थे। स्थानीय लोगों ने जब युवक की यह हरकत देखी तो उसकी कार को रोका और जमकर फटकार लगाई। लोगों की डॉट के बाद युवक ने कपड़े पहने और फिर वहां से चला गया। युवक कौन है और आखिर उसकी इस तरह की वीडियो बनाने की मंशा क्या थी इसको लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**आरोपी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई**

स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे ही कुछ लोगों ने युवक को नग्न हालत में देखा तो कार रुकवा कर पहले तो उसकी जमकर फटकार लगाई, और उसके बाद फिर उसे कपड़े पहनने को कहा गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा का कहना है, कि वीडियो को संज्ञान में लिया गया है, जल्द ही आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने के लिए लोग अजीबोगरीब और गैरजिम्मेदार वाला वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर रहे हैं। संस्कारधानी जबलपुर के युवक के द्वारा इस तरह की की गई मानसिकता दर्शा रही है कि अब ऐसे लोगों को लाइक और व्यू पाने के लिए किसी भी शर्मनाक हरकत से गुजर सकते हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 294 और 268 के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## घमापुर चौक पर मलिक एसोसिएट्स में बन रहे थे फर्जी प्रमाण-पत्र, पुलिस की दबिश में खुलासा, मालिक फरार




**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित घमापुर चौराहा पर मलिक एसोसिएट नामक दुकान पर लम्बे समय से फर्जी प्रमाण-पत्र बनाए जा रहे है. इस बात का खुलासा आज पुलिस व जिला प्रशासन की टीम द्वारा दी गई दबिश में हुआ है. टीम को जांच के दौरान आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए है. कार्रवाई की खबर मिलते ही दुकान संचालक फरार हो गया, जिसकी पुलिस की टीम द्वारा तलाश की जा रही है. वहीं उक्त दुकान को सील कर दिया गया है. इस संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि शिकायत मिली थी कि घमापुर चौक पर मलिक एसोसिएट्स नामक संचालित संस्थान से विभिन्न सरकारी दस्तावेज निर्धारित फीस लेने के बाद तैयार किए जा रहे है. जिसपर आज अधारताल-रांझी एसडीएम की संयुक्त टीम ने संस्थान पर छापा मारा. जहां पर जांच के दौरान कई अवैध दस्तावेज बरामद हुए हैं जो यह स्पष्ट करते हैं कि यहां अवैध रूप से सरकारी कागजात तैयार किए जा रहे थे. हालांकिए दुकान का मालिक मौके पर मौजूद नहीं था इसलिए दुकान को सील कर दिया गया. वहीं मालिक की तलाश जारी है.अधिकारियों का कहना है कि बरामद किए गए दस्तावेजों की जांच की जाएगी. जांच में जो भी तथ्य सामने आएगे उस आधार पर आगे की कार्यवाही होगी.

## सगाई समारोह से लौट रहे किसान की सड़क दुर्घटना में मौत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर स्थित बरगी रोड पर भारी वाहन ने मोटर साइकल सवार नंदलाल ठाकुर को उस वक्त टक्क र मारकर कुचल दिया. जब वह सगाई कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था. पेशे से किसान नंदलाल की मौत की खबर सुनकर परिवार में मातम छा गया. पुलिस अधिकारियों के अनुसार खुर्शीपार निवासी नंदलाल ठाकुर उम्र 42 वर्ष पेशे से किसान है, वे अपने भाई के साथ मिलकर खेती का काम करते है. बीती रात नंदलाल अपने रिश्तेदार के यहां ग्राम मरहापाठा में आयोजित सगाई कार्यक्रम में शामिल होकर मोटर साइकल से घर जाने के लिए निकले. जब वे रमनपुर घाटी से आगे बढ़ रहे थे, इस दौरान सामने से आए भारी वाहन ने टक्कर मार दी. वाहन की टक्कर लगते ही नंदलाल मोटर साइकल सहित गिरकर सामने की ओर गिरा, जिसे वाहन कुचलते हुए निकल गया. हादसे में नंदलाल के शरीर पर गंभीर चोटें आई. राह चलते लोगों ने देखा तो पुलिस को खबर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने नंदलाल को एम्बुलेंस की मदद से मेडिकल अस्पताल पहुंचाया. जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद नंदलाल को मृत घोषित कर दिया. नंदलाल की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो वे स्तब्ध रह गए, पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल रहा. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर भारी वाहन के चालक की तलाश शुरु कर दी है.

## प्रतिबंध के बावजूद नर्मदा प्राकट्योत्सव में जमकर आतिशबाजी, अब दर्ज हुआ केस

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** -मंगलवार 4 फरवरी को नर्मदा प्राकट्योत्सव के मौके पर गौरी घाट पर जमकर आतिशबाजी की गई, जबकि प्रशासन ने नर्मदा घाट के आसपास आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था।

आतिशबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आखिरकार कलेक्टर के निर्देश पर गौरीघाट थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस अब उन लोगों की तलाश में जुटी हुई है जिन लोगों ने घाट पर आतिशबाजी की थी।

मंगलवार को नर्मदा जयंती के दौरान गौरीघाट पर हजारों लोग जुटे थे। शाम को जब महाआरती हुई तब घाट पर जमकर आतिशबाजी की गई। सोशल मीडिया में आतिशबाजी का वीडियो सामने आने पर कलेक्टर और एसपी संज्ञान लिया। गोरखपुर तहसीलदार राजेश मिश्रा ने गौरीघाट थाने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई।

तहसीलदार के अनुसार रात करीब 8 से 12 के बीच अज्ञात लोगों ने घाट पर जमकर आतिशबाजी की।

## संजीवनी नगर पुलिस की कार्यवाही, अवैध हथियार सहित 3 युवक पकड़े गये

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )** ।थाना संजीवनीनगर में आज दिनांक 7-2-25 को मुखबिर से सूचना मिली कि राजा बेन अपने साथियों के साथ तलवार लेकर अपराध करने की फिराक में ग्राम परसवाड़ा की ओर घूम रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर तुरंत दबिश दी गयी जहॉ 3 युवक हाथ मे तलवार एवं बकानुमा चाकू लिये दिखे जिन्हे घेराबंदी कर पकडा एवं नाम पता पूछा तीनों ने अपने नाम राजा बेन उर्फ बबलू बेन उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम अंधुआ तलैया मोहल्ला धनवंतरीनगर थाना संजीवनी नगर एवं पवन वंशकार उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम अंधुआ तलैया मोहल्ला संजीवनीनगर तथा सागर उर्फ जाना बसोर उम्र 22 वर्ष निवासी तलैया के पास अंधुआ संजीवनी नगर बताये, लिये हुये जिसके संबंध में पूछताछ करने पर परसवाड़ा के यशवंत से विवाद होना बताये। तीनों आरोपियों से 2 तलवारें एवं 1 बकानुमा चाकू जप्त करते हुये तीनों आरोपियों के विरूद्ध पृथक पृथक धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय भूमिका- आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ रंगे हाथ पकड़ने में थाना प्रभारी संजीवनी नगर श्री बी.डी. द्विवेदी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर उप निरीक्षक आशुतोष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक अनिल सिंह परिहार, हृदय नारायण पाण्डे, टीकाराम चौधरी , आरक्षक रजनीश, आकाश पाण्डे, मोहन की सराहनीय भूमिका रही।

## विवेक तन्खा का सफर नामा फिल्म का आज प्रदर्शन



जबलपुर नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक केंद्र घंटाघर में जहां सुविख्यात अधिवक्ता, राज्य सभा सांसद श्री विवेक कृष्ण तन्खा की जीवनी पर श्री अजय चिटनिस द्वारा निर्देशित डॉक्यूमेंट्री फिल्म नर्मदापुत्र विवेक तन्खा का सफरनामा का प्रदर्शन आयोजित किया गया है। यह फिल्म श्री तन्खा के न्याय, समाज सेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पित जीवन की प्रेरणादायक झलक प्रस्तुत करेंगी।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.
### लोककर्म विभाग
**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। के लिये ऑनलाइन निविदायें है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 552 Date- 07.02.2025 2025_ UAD 401463_1 | नया वार्ड क्रं 72 के अंतर्गत रिमझा में मोहित टाउनशिप से वंदावन नगर दुर्गा मंदिर तक एम. 30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 02 माह<br>8.13 लाख | 2000/-<br>8130/- | 20.02.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , ( लोककर्म विभाग ) नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 471/ 2024/2025 दिनांक 06.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुरेन्द्र रैकवार, पिता स्व. श्री शिवनारायण रैकवार** ने भवन क्रं. 44 पिन क्र. 1000499295 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्रीमती शकुन्तला रैकवार, पिता स्व. श्री शिवनारायण रैकवार एवं श्री सुरेन्द्र रैकवार, क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1400 व.फु. आर.सी.सी., **सहमति शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 470/ 2024/2025 दिनांक 05.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती के. वेंकटेश्वरम्मा, पति- श्री के. जोनाथन, 2. श्री के.जोनाथन, पिता- श्री के. अन्जनेलू** ने फ्लैट क्रं. 123 पिन क्र. 1003071233 **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप** , के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री अंशुल गुप्ता, पिता श्री आनंद कुमार गुप्ता, फस्ट फ्लोर 1060 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 469/ 2024/2025 दिनांक 05.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अमित जैन, पिता श्री प्रकाश चंद जैन** ने भूखंड क्रं. 282 पिन क्र. 1000505992 **वार्ड क्र. 05, वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री ललित मोहन रायज़ादा, पिता स्व. श्री सदन मोहन रायज़ादा क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 1500 व.फु., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2025
एम. 468/ 2024/2025 दिनांक 05.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री नितेश कुमार सिंह, पिता श्री राधा प्रसाद सिंह, 2 . श्रीमती सुजाता गोप, पति श्री नितेश कुमार सिंह** ने फ्लैट क्रं. 514 पिन क्र. 1000510118 का भाग **वार्ड क्र. 06, वार्ड इंदिरा गांधी,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार)श्री अजय दुगे, पिता स्व. श्री के..के. दुबे एवं श्रीमती अंजु दुबे, पति श्री सुनील दुबे, पंचवी मंजिल 750 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र** , के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्त्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी संभाग-1 गढ़ा नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/04/एम/293
2024-25 दिनांक 07/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000506358 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री मनमीत सिंह खनूजा, पिता श्री अजीत सिंह खनूजा** के स्थान पर आवेदक **जसविंदर कौर सलूजा, पिता श्री अमरजीत सिंह** ने **मकान नं. फैलट नं. सी- 203 वार्ड क्र.-12,........ वार्ड,** द्वितीयतल 820 व.फु., **दस्तावेज- पंजीकृत विक्रय पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/04/एम/292
2024-25 दिनांक 07/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. 1000509538 में पंजीकृत भवन स्वामी **श्री सरदार हरजीत सिंह राणा** के स्थान पर आवेदक **श्री उपकार सिंह राणा, पिता- स्व. श्री हरजीत सिंह राणा** ने **मकान नं. 2128/1ए वार्ड क्र.-12,........ वार्ड,** भूतल 292 व.फु., **दस्तावेज- मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, सहमति पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं. -101, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 07.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती संगीता चतुर्वेदी, पति -श्री दिलीप कुमार चतुर्वेदी** ने मकान नं. 1670/ ए नरसिंह नगर, पिन नं. 1000600827 **वार्ड अम्बेडकर वार्ड,** भूतल 900 व.फु., प्रथमतल 900 व.फु. , **आधार कार्ड, विक्रय पत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामी- श्रीमती सविता स्वामी, पति श्री ब्रजेश स्वामी, मकान नं. 1670/ ए नरसिंह नगर, पिन नं. 1000600827 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अतः जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-10 रांझी नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 376 दिनांक 07.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अनुराम कटियार, पिता श्री रामनाथ कटियार** ने मकान नं. प्लाट नं. 218, सम्पत्ति पिन नं. 1002897647 **वार्ड कमला नेहरू-19 वार्ड** , क्षेत्रफल 900 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 375 दिनांक 07.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **आहूजा स्टील्स एण्ड ट्रेडर्स द्वारा प्रो. श्री देव आहूजा, पिता- श्री अनिल आहूजा** ने मकान नं. 2333/1, सम्पत्ति पिन नं. 1000493399 **वार्ड मदन महल-15 वार्ड** , भूतल 770 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 374 दिनांक 07.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री अरूण कुमार पाण्डेय, पिता- स्व. श्री गणेश दत्त पाण्डेय, 2. श्री विवेक पाण्डेय, पिता- स्व. श्री गणेश दत्त पाण्डेय** ने मकान नं. 583, सम्पत्ति पिन नं. 1000486272 **वार्ड वीर सावरकर वार्ड** , क्षेत्रफल 2880 व.फु., भूतल 1600 व.फु., प्रथमतल 1500 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/297/ दिनांक 07.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अर्पित कुमार सिंह, श्री अंकित कुमार सिंह एवं श्रीमती निशा सिंह, पति श्री यू.के.सिंह** ने भवन क्रंमाक. 2002/1-6 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** , प्लाट 1260 व.फु., भूतल 720 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 2002/1-6 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** , पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री गगन वासवानी, श्री कमलेश वासवानी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रं-03 रामपुर नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/225 दिनांक 07.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मोहम्मद हारून सौदागर, पिता- हाजी मोहम्मद इकबाल** ने मकान नं. पी नं.- 17 रामनगर, **वार्ड पं. मोती लाल नेहरू वार्ड,** क्षेत्रफल 1250 व.फु., भूतल 1250 व.फु., प्रथमतल 1250 व.फु., द्वितीयतल 375 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/224 दिनांक 07.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मोहम्मद हारून सौदागर, पिता- हाजी मोहम्मद इकबाल** ने मकान नं. राजनीति नगर , **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 1650 व.फु., भूतल 1200 व.फु., प्रथमतल 1200 व.फु., द्वितीयतल 1200 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/223 दिनांक 07.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अमन पटेल, पिता- श्री शिवकुमार पटेल,** ने मकान नं. खसरा नं. 82 का भाग , **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 990 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999